चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 103 वर्ष, अंक 92, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 12 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला- अधिकारियों की तैनाती और तबादले का अधिकार दिल्ली सरकार को, उपराज्यपाल को निर्वाचित सरकार की विधायी शक्तियों में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं

# केजरीवाल ही दिल्ली के किंग !

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने कहा है कि उप राज्यपाल के पास केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली से संबंधित सभी मुद्दों पर व्यापक प्रशासनिक पर्यवेक्षण नहीं हो सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सर्वसम्मत फैसले में कहा है कि उप राज्यपाल की शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की विधायी शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देती हैं। कोर्ट ने कहा कि नौकरशाह इस धारणा के तहत नहीं हो सकते कि वे मंत्रियों के प्रति जवाबदेह होने से अछूते हैं। अगर अधिकारी इस धारणा के तहत मंत्रियों को जवाब नहीं देते हैं, तो वे लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार के लिए बेहिसाब हो जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली विधानसभा के पास भूमि, लोक व्यवस्था और पुलिस को छोड़कर सूची 2 में सभी विषयों पर कानून बनाने की शक्ति है, लेकिन संसद ने दिल्ली के लिए सूची 2 और सूची 3 विषयों पर विधायी शक्ति को खत्म कर दिया है, जो अन्य केंद्रशासित प्रदेशों से अलग अपनी विशिष्ट स्थिति को देखते हुए है। कोर्ट ने दोहराया कि उप राज्यपाल दिल्ली के मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हुए हैं। दिल्ली में अफसरों पर नियंत्रण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने 14 फरवरी, 2019 को विभाजित फैसला सुनाया था। जस्टिस एके सिकरी और जस्टिस अशोक भूषण के अलग-अलग फैसले के बाद यह मामला 06 मई, 2022 को 5 जजों की संविधान बेंच को रेफर कर दिया था।





### 'आप' ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दे दिया है। एनसीटी दिल्ली के पास सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि को छोड़कर सेवाओं पर दिल्ली सरकार को विधायी शक्ति दी गई है। सभी जजों ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट की सुनवाई के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा- दिल्ली के लोगों के साथ न्याय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का तहे दिल से शुक्रिया। इस निर्णय से दिल्ली के विकास की गति कई गुना बढ़ेगी। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद संजय सिंह व राघव चड्ढा ने फैसले के बाद खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लंबे संघर्ष के बाद जीत मिली है। उन्होंने इस जीत पर केजरीवाल के जज्बे को सलाम किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की दो करोड़ की आबादी को इस फैसले की बधाई।

'आप' के इन नेताओं ने जताई खुशी: दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई है। उन्होंने ट्ववीटर पर सत्यमेव जयते लिखते हुए कहा कि आखिरकार लंबी लड़ाई के बाद दिल्ली की जनता की ओर से लड़ते हुए अरविंद केजरीवाल को विजय मिल गई है। मुख्यमंत्री ने सरकार को उसका हक दिलवाया है। दिल्ली की जनता के काम में अब कोई अड़ंगा नहीं लगा

## कड़वा पाटीदार समाज की कच्छ में विकास और समृद्धि लाने में अहम भूमिका: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के कच्छ में विकास और समृद्धि लाने में कड़वा पाटीदार समाज की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा है कि इस समाज के लोग आज देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कड़वा पाटीदार समाज की 100वीं वर्षगांठ पर वीडियो संदेश में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा के 100 वर्ष का पुण्यकाल, युवा विंग का 50वां वर्ष और महिला विंग का 25वां वर्ष एक त्रिवेणी संगम बना रहा है जो अपने आप में बहुत की सुखद संयोग है। उन्होंने कहा कि कच्छ की तस्वीर अब पूरी तरह से बदल गई है। कच्छ में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है और अब इसका अत्यधिक औद्योगीकरण हो रहा है। कड़वा पाटीदार समाज ने गुजरात के कच्छ में विकास और समृद्धि लाने में एक महान भूमिका निभाई है।



### कच्चे सोयाबीन व सूरजमुखी तेल के आयात पर 30 जून तक शुल्क में छूट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल के आयात पर शुल्क में छूट दी है। वित्त मंत्रालय ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है, जो 30 जून तक प्रभावी रहेगा। यह अधिसूचना 11 मई से लागू हो गई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी अधिसूचना में कुछ शर्तों के साथ कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात पर 30 जून, 2023 तक मूल सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर की छूट दी है।

## 'अहिंसा परमो धर्म' में विश्वास करता है भारत: रक्षा मंत्री




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर गुरुवार को 25 साल पहले हुए पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद करके कहा कि इन परीक्षणों ने दुनिया को एक संदेश दिया कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'अहिंसा परमो धर्म' में विश्वास करता है, इसलिए किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता को नुकसान नहीं पहुंचाता है। उन्होंने भारत को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश के शक्तिशाली मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया। रक्षा मंत्री नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री ने 5,800 करोड़ रुपये से अधिक की कई वैज्ञानिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 25वें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत उन असाधारण वैज्ञानिकों की दिल से सराहना करता है, जिन्होंने 1998 के पोखरण परीक्षण में योगदान दिया। आज हम तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी असाधारण राजनीतिक इच्छाशक्ति और इन परीक्षणों को सफल बनाने के नेतृत्व के लिए भी याद करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने न केवल अपने लिए शांति की कामना की है, बल्कि दुनिया को संदेश दिया है।

## समलैंगिक विवाह: कानूनी मान्यता देने के मामले पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने दस दिनों तक सुनवाई में सभी पक्षों की दलीलें सुनीं।

सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से मामले की सुनवाई से अलग होने की मांग खारिज कर दी। इस मांग पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी आपत्ति जताई थी। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा था कि जेंडर की अवधारणा ह्यपरिवर्तनशीलह्ल हो सकती है, लेकिन मां और मातृत्व नहीं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय कानून अकेले व्यक्ति को भी बच्चा गोद लेने की अनुमति देता है। एक बच्चे का कल्याण सर्वोपरि होता है। देश का कानून विभिन्न कारणों से गोद लेने की अनुमति प्रदान करता है। अगर आप संतानोत्पत्ति में सक्षम हैं तब भी आप बच्चा गोद ले सकते हैं। जैविक संतानोत्पत्ति की कोई अनिवार्यता नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि इस मुद्दे पर केंद्र को केवल सात राज्यों की प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें राजस्थान सरकार भी शामिल है। राजस्थान सरकार ने समलैंगिकों को मान्यता देने का विरोध किया है। मेहता ने कहा कि मणिपुर, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, असम, सिक्किम और राजस्थान से जवाब मिले हैं। राजस्थान छोड़कर बाकी राज्यों ने कहा है ।

### सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में तत्कालीन राज्यपाल के फ्लोर टेस्ट फैसले को असंवैधानिक ठहराया

## महाराष्ट्र: एकनाथ शिंदे बने रहेंगे सीएम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे बनाम एकनाथ शिंदे के मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि इस मामले को बड़ी बेंच के पास भेजा जाएगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि नबाम रेबिया मामले में उठाए गए सवाल को बड़ी बेंच में भेजना चाहिए, क्योंकि उसमें और स्पष्टता की जरूरत है। इस बीच (जब तक एक बड़ी बेंच रेबिया के फैसले की शुद्धता का फैसला नहीं करती) सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर स्पीकर को लगता है कि उन्हें हटाने का प्रस्ताव प्रक्रिया के अनुसार नहीं है, तो वह विधायकों की अयोग्यता की मांग वाली याचिकाओं पर आगे बढ़ सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि विधायक दल के व्हिप की नियुक्ति मूल राजनीतिक दल द्वारा की जाती है न कि विधायक दल द्वारा। इस प्रकार, विधायक दल में बहुमत हासिल करने वाले शिंदे गुट द्वारा भरत गोगावाले को व्हिप के रूप में नियुक्त करना अवैध था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल के पास इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए कोई तथ्य नहीं था कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार ने सदन में बहुमत खो दिया था। इसलिए उनके पास फ्लोर टेस्ट के लिए बुलाने का कोई कारण नहीं था।




### फीस समायोजन: स्कूलों की जांच के लिए 11 टीमों का गठन

**मुरादाबाद। जनपद** में कई निजी स्कूल कोरोना कॉल के सत्र 2020-21 की फीस का 15 प्रतिशत समायोजन करने में आनाकानी कर रहे हैं। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने मंडलायुक्त के निर्देश पर जांच के लिए 11 टीमों का गठन कर दिया हैं। जिन स्कूलों में सुप्रीम कोर्ट के 15 फीसदी फीस समायोजन के आदेश का पालन नहीं हो रहा हैं, वहां जाकर यह टीमें जांच करेंगी और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कराएंगी। कोरोना काल में निजी स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों के द्वारा पूरे सत्र की फीस जमा की गई थी। बच्चों ने छह माह से अधिक आनलाइन शिक्षा ग्रहण की थी, इसी को लेकर फीस वापसी के लिए देश भर में बच्चों के अभिभावकों और अभिभावक एसोसिएशनों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर उच्चत्तम न्यायालय ने वर्ष 2020-21 की फीस का 15 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को वापस करने का निर्णय दिया था। न्यायालय ने कहा कि जो बच्चे अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उनकी 15 प्रतिशत फीस वर्तमान सत्र में समायोजित की जाए और जो बच्चे स्कूल छोड़कर जा चुके हैं उनको उस सत्र की 15 प्रतिशत फीस वापस कर दी जाए। पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल छोड़कर चुके बच्चों की फीस वापसी पर कुछ सप्ताह की रोक लगा दी हैं, जिसकी आड़ में निजी स्कूलों ने 15 फीसदी फीस समायोजन को भी रोक दिया है।

### भारतीय सैनिकों ने ब्रिटेन में गुंजाया 'भारत माता की जय-बजरंग बली की जय' का नारा

## इंग्लैंड के सैलिसबरी मैदान में युद्धाभ्यास अजेय वॉरियर-23 का हुआ समापन

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के सैलिसबरी मैदान में भारत के साथ संयुक्त-सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर-23' आज सम्पन्न हो गया। 15 दिन तक चले इस संयुक्त सैन्य अभ्यास के समापन समारोह में भारतीय जवानों ने 'भारत माता की जय-बजरंग बली की जय' के जयकारे से समां बांध दिया। इस अभ्यास में यूनाइटेड किंगडम से सेकेंड रॉयल गोरखा राइफल्स और भारतीय सेना की बिहार रेजिमेंट के सैनिकों ने हिस्सा लिया। यह युद्धाभ्यास भारतीय और ब्रिटिश सेना के बीच रक्षा सहयोग में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक बढ़ावा देगा। भारत और यूनाइटेड किंगडम (इंग्लैंड) के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'अजेय वॉरियर-23' का 7वां संस्करण 27 अप्रैल को ब्रिटेन के सैलिसबरी मैदान में शुरू हुआ था। यह युद्धाभ्यास भारत और यूनाइटेड किंगडम का द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है, जो यूनाइटेड किंगडम और भारत में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण अक्टूबर, 2021 में उत्तराखंड के चौबटिया में आयोजित किया गया था। भारतीय सेना की टुकड़ी वायु सेना के सी-17 विमान से 26 अप्रैल को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों के साथ ब्रीज नॉर्टन पहुंची थी।



## मप्र में टैक्स फ्री ही रहेगी फिल्म 'द केरला स्टोरी'

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 'द केरला स्टोरी' फिल्म टैक्स फ्री ही रहेगी। गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने स्वयं इसकी जानकारी दी है। उन्होंने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फिल्म को ट्रैक्स फ्री करने की घोषणा की थी। फिल्म टैक्स फ्री है और टैक्स फ्री रहेगी। सिनेमाघर वालों और लोगों से अपील है कि वे भ्रम में न आएं। किसी भी फेक आदेश को नहीं मानें। दरअसल, बुधवार को वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा एक आदेश जारी किया गया था, जिसमें लिखा है कि 6 मई को जारी टैक्स छूट का आदेश निरस्त किया जाता है। इस आदेश में डिस्पैच नंबर से लेकर प्रतिलिपि भी सीएमओ (चीफ मिनिस्टर ऑफिस) और बड़े अधिकारियों के साथ कलेक्टर तक को भेजी गई। इस आदेश पर विभाग के उप सचिव आरपी श्रीवास्तव के हस्ताक्षर भी है। इसके बाद प्रदेश में 'द केरला स्टोरी' के टैक्स फ्री होने पर संशय की स्थिति बन गई। सिनेमाघर एसोसिएशन के सचिव अजीजुद्दीन ने कहा कि यह एडल्ट फिल्म है, इसे टैक्स फ्री नहीं कर सकते। दो दिन के लिए सरकार ने इसे टैक्स फ्री करने के बाद आदेश वापस ले लिया है। गुरुवार से हम इस पर टैक्स लेंगे, लेकिन वाणिज्यकर विभाग के कमिश्नर लोकेश जाटव ने कहा कि हमारा पुराना आदेश यथावत है। अब गृह मंत्री ने भी बुधवार को जारी आदेश को फेक बताया है। उन्होंने प्रदेश में फिल्म के टैक्स फ्री ही रहने की बात कही है।




## पतरातू की खूबसूरत वादियां पर्यटकों को लुभाने के लिए पर्याप्त : हेमंत सोरेन

**रामगढ़।** जिले का पतरातु किसी परिचय का मोहताज नहीं है। यहां खूबसूरत डैम और हसीन वादियां पर्यटकों को खुद-ब-खुद लुभाती हैं। अब झारखंड सरकार यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए ऐसे कार्य करेगी कि हजारों लोगों का चूल्हा भी जलेगा। यह बातें गुरुवार को रामगढ़ जिले के पतरातू में पर्यटन बिहार गेस्ट हाउस का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। पर्यटन विभाग ने 20 करोड़ की लागत से इस गेस्ट हाउस का निर्माण पूरा किया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला पर्यटन के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से काफी आगे है। पहले तो यहां रजरप्पा में लोग पहुंचते थे लेकिन अब झारखंड आने वाला व्यक्ति पतरातू डैम एक बार जरूर घूमना चाहता है।



## खबर संक्षेप

### डीआईएस कालेज में मातृ दिवस पर होगा विविध कार्यक्रम : डॉ स्वतंत्र मिश्रा



**सिरसा।** दुर्गावती इन्टर नेशनल स्कूल एंड कालेज चम्पारण इष्टेट गोसौरा कला में आगामी 13 मई को प्रातः 9 बजे मातृ दिवस पर बृहद आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ जज के. जे. ठाकर की धर्मपत्नी एवं उपभोक्ता निवारण आयोग गुजरात की चेयरमैन श्रीमती नंदनी ठाकर जी होंगी। विशिष्ट अतिथि अयोध्या के अपर जिला जज श्रीमती एकता सिंह और अध्यक्ष मोती लाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज की प्रोफेसर डॉ0 सृष्टि कुमार होगी। विद्यालय की प्रबंधक डॉ0 स्वतंत्र मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में सभी छात्र एवं छात्राओं की माताओं को आमंत्रित किया गया है,जिसमें बच्चों के द्वारा अपनी माँ का पूजन एवं आरती की जायेगी। सभी कक्षाओं के प्रथम दस स्थान पाने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।

# बैदवार में सांड़ के हमले से अधेड़ की मौत

**सुबह चाय पीने के बाद सड़क पर टहलने निकला था वृद्ध, आवारा मवेशियों पर नहीं लग पा रहा अंकुश, आए दिन हो रही घटनाएं व दुर्घटनाएं**



सांड के हमले से कंटीले लोहे से निर्माण हो रही नाली पर गिरा व्यक्ति की मौत का दृश्य

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोरांव बाजार से सटी ग्राम पंचायत बैदवार में सुबह 7 बजे के करीब एक अधेड़ व्यक्ति पर सांड़ ने हमला कर दिया। सांड ने अपनी सींग में फंसाकर हवा में उड़ा दिया। जिससे अधेड़ सड़क के किनारे स्थित निमार्णाधीन नाली पर जा गिरा। गिरने के बाद भी सांड ने वार कर घायल कर दिया। जिससे मौके पर ही अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक चुपुन्नी उर्फ शिवनाथ गुप्ता (55) पुत्र स्वर्गीय राजनारायण निवासी बैदवार थाना कोरांव बैदवार रोड पर स्थित भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप के बगल में आवास बनाकर रहते थे। गुरुवार को सुबह वे घर पर चाय पीने के बाद सड़क पर जैसे ही टहलने के लिए निकले वैसे ही गुजर रहे आवारा मवेशियों के झुंड का एक सांड अचानक उन पर हमलावर हो गया। शिवनाथ को सांड ने अपनी सींग में फंसा कर हवा में उड़ा दिया। जिससे वे सड़क के किनारे निमार्णाधीन नाली पर जा गिरे।नाली की बढ़ी हुई सरिया भी उनके शरीर के अंदर घुस गईं। इसके बावजूद भी सांड ने उन पर हमला कर शरीर के चिथड़े कर दिए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ में जुट गई। मौत की खबर आम होतते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने दोपहर बाद मृत व्यक्ति का दाह संस्कार कर दिया। सूबे की सरकार भले ही आवारा मवेशियों के संरक्षण को लेकर गांवों में स्थाई व अस्थाई गौशालाएं खुलवा कर उनमें आवारा पशुओं को संरक्षित करने के निर्देश दिए हों, लेकिन किसी भी गांव की गौशाला में संपूर्ण मवेशी नहीं रहते हैं। गांव व बाजारों की सड़कों पर पूरे दिन आवारा मवेशी चलते रहते हैं। जिम्मेदार उदासीन बने रहते हैं। जिससे आए दिन आवारा मवेशियों से घटनाएं व दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## फांसी के फंदे पर झूली किशोरी, मौत

**फूलपुर।** परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने घर के अंदर पंखे के हुक से लटक कर फांसी लगा लिया। गुरुवार दोपहर बाद मां ने किसी काम से खोजबीन शुरू की तो कमरे के अंदर दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से लटकते देख दहाड़े मार कर रोने लगी। ग्रामीणों ने फूलपुर पुलिस को सूचित कर शव को फंदे से उतारा। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत पाली गांव निवासी सत्यनारायण पटेल सऊदी अरब में रहकर नौकरी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी उर्मिला देवी अपने दो बेटियां व तीन बेटों के साथ रहती थी। बड़ी बेटी गुड़िया जो क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ती थी। गुरुवार दोपहर मां ने किसी बात पर डांटा तो वह क्षुद्ध होकर कमरे के अंदर पंखे के हुक से लटक कर अपनी जान दे दी। दोपहर बाद मां ने किसी काम से जब खोजबीन शुरू की तो देखा की बेटी कमरे के अंदर दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से लटक रही है। ग्रामीणों व परिजनों ने पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर से शव को उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 6 माह पूर्व किशोरी बगल के ही जाफरपुर उर्फ बाबूगंज गांव के एक गैर समुदाय के लड़के के साथ गोवा भाग गई थी। मामला दो समुदायों के बीच होने के कारण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक व युवती को पकड़ कर फूलपुर ले आई। जहां युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया वही किशोरी को परिजनों को सौंप दिया था। बताते हैं कि अभी हाल ही में युवक जेल से छूटा है।

## मालगाड़ी के डब्बे में धुंआ उठता देख मचा हड़कंप



अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मांडा रोड रेलवे स्टेशन के समीप कोयला लादकर जा रही मालगाड़ी की एक डिब्बे में धुआं उठता देख हड़कंप मच गया। सुचना पर पंहुची फायरबिग्रेड टीम ने कोयले वाले डिब्बे में लगी आग को बुझाया। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड से कोयला लादकर हरदुआगंज जा रही मालगाड़ी के डिब्बे से धुआं उठने लगा। इसको देखकर गार्ड ने ट्रेन रुकवाई। इसके बाद फायरबिग्रेड टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। करीब घंटे भर बाद ट्रेन रवाना की गई। मंगलवार को दोपहर करीब बारह बजे झारखंड से कोयला लेकर हरदुआगंज जा रही ट्रेन जब मांडारोड रेलवे स्टेशन के करीब पंहुची, तभी गार्ड को मालगाड़ी की एक बोगी में धुआं उठता दिखा। सुचना पर फायरबिग्रेड मेजा प्रभारी राजेन्द्र तिवारी, फायरमैन गंगाराम यादव, दुर्गा प्रसाद ने आग पर काबू पाया। उसके घंटों भर बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया।

# खेतों की आग पहुंची गौशाले में जला भूसा

**सिकरो गौशाला का मामला, प्रधान व ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू**

अखंड भारत संदेश



**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के सिकरो गांव में खेतों की आग अचानक गौशाला में पहुंच गई। गौशाले के भुसौल में आग फैल गई। इस घटना में लगभग 15 कुंतल भूषा जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान सिकरो सुशील कुशवाहा ने बताया कि गौशाला के अगल-बगल हार्वेस्टर मशीन से गेहूं की मड़ाई की गई थी। खेतों के अलाव को जलाने के लिए किसी किसान के द्वारा आग लगाई गई थी। अचानक खेतों की आग बढ़ते बढ़ते गौशाला के भूसौल तक आ गई। जिससे भुसौल में रखा तकरीबन 15 कुंतल भूषा जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि अगर ग्रामीण व मैं खुद मौके पर होता तो गौसाले के मवेशियों एवं अन्य भंडारण वस्तुएं भी जलकर राख हो जाती। ग्राम प्रधान ने बताया कि गौशाला में एक बड़े हादसे को होने से रोक लिया गया है। आंशिक तौर पर गौशाला में भूसा जला है। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। गौशाला में हुए बोर से ही आग को बुझाया गया।




## चोरी की दो बाइक के साथ दो को पकड़ा,भेजा जेल

**घूरपुर।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार की सुबह इलाके के गौहनिया स्थित एक महाविद्यालय के पास स्थित एक कमरे से दो बाइक चोरों को पकड़ उनके पास से एक बाइक व एक बाइक का खुला हुआ उपकरण बरामद किया है। पकड़े गए दोनो चोरों को पुलिस ने जेल भेज दिया है ।घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार को गुरुवार की भोर सूचना मिली कि गौहनिया के महाविद्यालय के पास स्थित एक कमरे कुछ संदिग्ध युवक कुछ बाइकों को लेकर बैठे ,सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने चौकी प्रभारी गौहनिया ताराचन्द्र को मय फोर्स के भेजा तो पुलिस को देखते ही दो युवक भाग निकले लेकिन सिपाहियों ने घेरकर पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने एक बाइक व एक बाइक के खुले पुर्जे बरामद किया। दोनो को थाने लाकर पूंछतांछ की गई तो दोनो ने बाइक चोरी करने का जुर्म स्वीकार किया। दोनो ने अपना नाम रिषभ केसरवानी निवासी करमा थाना घूरपुर व पुष्पराज पटेल निवासी बूंदावा थाना घूरपुर बताया । पुलिस ने दोनो को जेल भेज दिया।

# 15 मई से शुरू होगा विशेष टीबी रोगी चिन्हीकरण अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** वर्ष 2025 तक देश को क्षय रोग मुक्त बनाने और टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को और गति देने लिए नियमित प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 15 मई से 21 कार्य दिवसों तक विशेष अभियान चलाकर क्षय रोगी खोजे जाएंगे। इसके लिए सभी सीएचओ को मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अरुण कुमार तिवारी ने दी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर क्षय रोगियों के चिन्हीकरण, जांच, उपचार, निक्षय पोषण योजना के तहत राशि का सीधे बैंक में ट्रांसफर, काउंसलिंग एवं सामाजिक सहयोग देने में खास भूमिका अपेक्षित है। जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ की नियुक्ति की गई है। इस अभियान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की भूमिका अहम है।उन्होंने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से दूर वाले इलाकों और बीते दो वर्षों में टीबी रोगी या कोविड रोगी वाले चिन्हित स्थलों पर यह अभियान चलेगा। हर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हर सप्ताह तीन-तीन शिविर लगाए जाएंगे। शिविर से पहले आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी लिस्टिंग करेंगी शिविर वाले दिन उन्हें शिविर तक लाएगी। इसके बाद सीएचओ उनकी जांच करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर समस्त सैम्पल को नजदीकी जांच केंद्र पर भेजेंगे। जांच पॉजिटिव आने पर तत्काल नोटिफिकेशन कर तुरंत मरीजों का उपचार शुरू कर दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक क्षय रोग के एसके सैमसन ने प्रशिक्षक के तौर पर मौजूद 49 सीएचओ को कार्यक्रम के उद्देश्य कार्यप्रणाली और दायित्यों के बारे में विस्तार से बताया गया` उन्होंने टीपीटी (टीबी प्रिवेन्टिव ट्रीटमेंट ) कार्यक्रम के बारे में बताया उन्होंने बताया कि इस ट्रीटमेंट से लक्षण युक्त व्यक्ति के संकमित होने से पहले की दवा हैं जोकि टीबी संक्रमण को होने से बचाएगी साथ ही ये दवा टीबी मरीज के साथ रहने वाले अत्यंत निकट सम्पर्की व्यक्तियों को भी दी जाएगी उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत पांच साल तक के बच्चो को प्रिवेशन की दवा पहले ही दी जा रही हैं अब ये बड़ो को भी खिलाई जाएगी` उन्होंने कहा कि मरीज के साथ रहने वालों को भी मास्क व स्वच्छता का ध्यान न रख पाने के कारण टीबी संक्रमित हो सकते हैं।

# नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया युवक

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव की नाबालिग लडकी को गांव का युवक अपने मकड जाल में फंसा कर अपहरण कर ले गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र केएक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी नाबालिग पुत्री को 3 मई को गांव का एक युवक बहलाफुसला कर अपहरण कर ले गया। सघन तलाशने के बाद भी जब नहीं मिले तो गुरुवार को लड़की के पिता ने थाने में तहरीर दी कर गांव के गोविन्द कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## युवक की बाइक चोरी अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के ग्राम. नया पूरा टिकरी शीतलपुर निवासी सूरज कुमार पुत्र अमर सिंह मऊआइमा के ग्राम सिंसई सिपाह में शादी समारोह में आए थे। बताया गया है कि सूरज कुमार निमंत्रण करके जब वापस लौटा तो देखा कि उसकी बाइक नदारद थी। सूरज कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कालेज के बच्चों ने मनाया आरोहण फंक्शन 2023




अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के कसेरूआ कला स्थित सुखदेव सिंह महाविद्यालय एण्ड फामेर्सी कॉलेज में गुरुवार को कॉलेज के बच्चों द्वारा आरोहण एनुअल फंक्शन 2023 बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा वर्तमान समय में बच्चों में सुनहरे भविष्य के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा आज तकनीकी शिक्षा से बच्चे के भविष्य निर्माण के साथ देश के उन्नति व प्रगति की महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अवसर पर बीएड तथा फामेर्सी के छात्रों ने समूह नृत्य, देश भक्ति गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति की। जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विपेंद्र सिंह पटेल तथा विशिष्ट अतिथि भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह सहित शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया।इस मौके पर प्रमुख रूप से विभागाध्यक्ष बीएड संकाय अनिल कुमार तथा विभागाध्यक्ष फामेर्सी पंकज मिश्रा एवं संदीप रंजन, जय शंकर वर्मा, अजब लाल सिंह, अतुल पाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।



## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज में स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा गांव गोशौरा कला में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में दुर्गावती इन्दरनेशनल स्कूल एण्ड कॉलेज में तीन दिवसीय कब / कुलबुल, स्काउट/ गाइड शिविर का शुभारम्भ दि. 10-05-2023 को विद्यालय के प्रागण में विद्यालय की मैनेजर श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा मैम ने ध्वजारोहण कर प्रारम्भ किया गया।शिविराथीयी को आशीर्वाद व जीवन के हृदय को निर्धारित करने हेतु प्रेरित किया। शिवराथीयी को क्षेत्र के माध्यम से ध्वजा शिष्टगार नियम प्रतिज्ञा आदर्श वाक्य, का प्रशिक्षण दिया गया । कैम्पकायर के रौशन बच्चों द्वारा, मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया । प्रशिक्षक मण्डल में अंकुर सिंह, कंचन सिंह,व विद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षक, शिक्षिकाएँ उपस्थित रही है। संचालन राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक संजय कुमार ने किया।

## ऑन ड्यूटी करछना ब्लॉक का सफाई कर्मी नशे की हालत पर ब्लॉक गेट पर बना तमाशबीन

अखंड भारत संदेश



**करछना।** ब्लॉक मुख्यालय पर रात्रिकालीन में लगाई गई ड्यूटी राजेश पटेल सफाई कर्मी की गुरुवार शाम ब्लॉक मुख्यालय गेट के सामने अधिक शराब पीकर ड्यूटी करने पर बेहोश हो गया जो राहगीरों के लिए तमाशबीन बना रहा बताया जाता है कि ऑफिशियल वर्क के लिए रात्रि एवं सुबह ऑफिस की सफाई के लिए उसकी तैनाती करछना ब्लॉक परिसर में तैनात किया गया है गुरुवार को अधिक शराब पी लेने से ब्लॉक मुख्यालय गेट पर बेहोशी की हालत में देखा गया जो राहगीरों के लिए तमाशा बना हुआ था इस बावत एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा एवं खंड विकास अधिकारी देव कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि ऑफिस वर्क के लिए रखा गया था लेकिन यह शराब का आदी है इसको तत्काल यहां से हटा दिया जाएगा और इसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए बरना निवासी

अखंड भारत संदेश



**प्रतापपुर।** बरना बाजार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन सुदामा चरित्र वर्णन परिक्षित मोक्ष के साथ गुरुवार को संपन्न हुई।श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण और सुदामा के जीवन का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि सुदामा जी भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे श्री कृष्ण से उनकी मित्रता ऋषि संदीपनी के गुरुकुल में शिक्षार्जन के समय हुई। सुदामा जी अपना व अपने परिवार पत्नी तथा बच्चे का भरण पोषण ब्राह्मण रीति के अनुसार भिक्षा मांग कर करते थे सुदामा इतने में ही संतुष्ट रहकर हरि भजन करते रहते थे। एक दिन वह अपनी पत्नी के कहने पर सहायता के लिए द्वारकाधीश श्री कृष्ण के पास गए। उनकी दशा देखकर तीनों लोकों के स्वामी के आंखों से आंसू आ गए। उन्होंने अपने मित्र सुदामा की दो दिन सेवा कर-के उन्हें वहां से विदा कर दिया। जब सुदामा जी अपने नगर पहुंचे तो उन्होंने पाया की उनकी टूटी-फूटी झोपड़ी के स्थान पर सुंदर महल बना हुआ है महाराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के पश्चात आरती प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान अनंत प्रसाद तिवारी, कुसुम तिवारी, सावित्री देवी, मानस भास्कर अनुज आचार्य जी महाराज, अंबुज आचार्य, मदन गोपाल आचार्य, मातेश्वर प्रसाद आचार्य, मुन्नू, अभिषेक शुक्ला, त्रिभुवन, भोला, सिंटू, शिवपूजन एवं परिजनों में जनार्दन प्रसाद तिवारी, राधेश्याम तिवारी, प्रकाश नारायण, अभय नारायण, गुलाब नारायण, अजब नारायण तिवारी एडवोकेट, शिवशंकर तिवारी, विनय शंकर तिवारी, सुनील कुमार तिवारी अध्यापक, राम सन्मुख, जितेंद्र प्रसाद, विजय पांडेय, निशाकांत, एडवोकेट अशोक तिवारी, प्रोफेसर सुशील तिवारी, मनोज तिवारी बीडीसी, अरूण तिवारी अध्यापक, अनिल, अवधेश, अखिलेश, मुकेश अध्यापक, रविशंकर, सूर्यप्रकाश, राहुल, नीरज, चंद्रप्रकाश, उज्जवल तिवारी सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## खेत में पाइप फैलाने को लेकर हुई मारपीट, युवक घायल

**सहसों।** सिंचाई के लिए पाइप फैलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। भुक्तभोगी घायल ने थरवई थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी उमेश कुमार सरोज अपने परिजन के साथ वृहस्पतिवार शाम करीब 4 बजे सिंचाई के लिए खेत में पाइप फैला रहा था। आरोप है कि उसी समय पड़ोस के पुरुषोत्तम लाल अपने परिजनों के साथ गाली गलौज देते हुए उमेश कुमार पर हमला बोल दिया। जिससे उनके सिर में चोट आई। लोगों के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। घायल उमेश कुमार सरोज ने थरवई थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है। मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करेगी।

# ट्यूबवेल से चोरी हुई मोटर बरामद, कबाड़ी गिरफ्तार

**मऊआइमा में आए दिन हो रही चोरी की घटना से ऊबे ग्रामीणों ने पकडा था तीन चोर**

अखंड भारत संदेश




**मऊआइमा।** मऊआइमा में दिन प्रति दिन हो रही चोरी से ऊबे ग्रामीणों ने बुधवार को तीन चोरों को दो बाइकों रम्भा के साथ पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया था । पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर चोरी की गई मोटर। एक कबाड़ी के पास से बरामद कर ली पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।एक फरार की तलाश पुलिस कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम करम्हा कहली निवासी चन्द्रिका प्रसाद आदि के टूयूवबेल में सेंधमारी करके चोर चीरी कर ले गए थे । एक बाइक बिगाड़ जाने पर चोर बाइक छोड कर भाग गए। जब बुधवार को लेने आए तो ग्रामीणों को चोरों को दोनों बाइकों और रम्भा के साथ पकड कर पुलिस के हवाले कर दिए। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम राहुल पासी पुत्र राम कुमार ग्राम लोहरमडया, दूसरे ने अपना नाम दिलीप कुमार यादव पुत्र रामजी ग्राम दूल्हेपुर , तीसरे ने अपना नाम धंन्यजय पुत्र बफाती ग्राम करम्हा निवासी बताया जबकि एक अन्य चोर मान सिंह प्रजाति भागने में सफल रहा। चोरों कि निशानदेही पर पुलिस खुरगांव थाना सोरांव के एक कबाडी के यहां से चोरी की मोटर बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार उक्त चोर एक गिरोह बना कर चोरी करता है। पुलिस ने गिरफ्तार राहुल पासी ,दिलीप, धंन्यजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है तथा अन्य फरारों की तलाश में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### हाइवे पर आरएएफ-जवान से लूट के लिए हमला


**बारात से लौटते वक्त सिंगरामऊ के सामने तमंचा सटाकर बदमाशों ने रोका, पर्स, मोबाइल, अंगूठी छीनकर हुए फरार**

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के थरवई थाना क्षेत्र में हाइवे पर बारात से लौट रहे एक आरएएफ जवान पर जानलेवा हमला करके लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया।बदमाशों ने तमंचे से कई राउंड फायरिंग भी की है। जख्मी जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पल्सर सवार लुटेरों की तलाश की जा रही है। गंगासपार के सोरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरगांव निवासी आनंद गिरी (29) पुत्र मुन्नालाल गिरी आरएएफ शांतिपुरम, फाफामऊ 101 बटालियन में बतौर चालक तैनात है। वह आरएएफ कैंप में ही परिवार के साथ रहता है। बुधवार को वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए उतरांव गया था। वहां से रात में वह वापस अपने कैंप में लौट रहा था।

# मेजा के लक्षन का पूरा में संदिग्ध दशा में हुई विवाहिता की मौत

## शव के अंतिम संस्कार को मायके और ससुराल पक्ष के लोग आए आमने-सामने

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** मेजा के लक्षन का पूरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत को लेकर मायके व ससुराल पक्ष में कहासुनी हो गई। ससुराल व मायके पक्ष के लोगो में शव के अंतिम संस्कार को लेकर जमकर नोकझोंक हुई। समझौते के बाद शव को उसके मायके वाले अंतिम संस्कार के लिए ले जाने को राजी हो गए।मेजा थाना क्षेत्र के लक्षन का पूरा गांव निवासी शुभम गुप्ता की पत्नी मंजू गुप्ता (23) की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर मेजा थाने के दरोगा गोविन्द राम पुलिस टीम के साथ पंहुचे और शव को कब्जे में लेकर लिखापढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं शव के पोस्टमार्टम करने को लेकर मायके व ससुराल वालों ने शव के अंतिम संस्कार को लेकर कहासुनी कर लिया। मायके वालों ने शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कहा, तो ससुराल वालों ने कहा कि अंतिम संस्कार हम लोग करेंगे। वहीं कहासुनी के बाद मायके वालों के पक्ष में शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए विंध्याचल ले जाने का निर्णय हुआ।ज्ञातव्य हो कि विंध्याचल की मंजू गुप्ता की शादी पांच साल पहले मेजा थाना क्षेत्र के लक्षन का पूरा गांव में हुई थी। वहीं बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मंजू की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ

**बच्चों को नृत्य, गायन, चित्रकला, पेंटिंग सहित अन्य विधाओं में किया जाएगा प्रशिक्षित**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में भाविनी वेलफेयर सोसाइटी व डे केयर तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ किया गया।इस समर कैंप का उद्घाटन किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर मां कल्याणी और वैष्णवी माता द्वारा फीता काटकर किया गया। मां कल्याणी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर स्नेह लता सिंह, नीता भारद्वाज, श्वेता साहू भी उपस्थित रही। वहीं संस्था की सचिव पूनम सिंह द्वारा महामंडलेश्वर जी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल बच्चों द्वारा मनमोहक गीत और नृत्य की प्रस्तुति की गई। जहां मौजूद सभी अभिभावकों एवं मुख्य अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं महामंडलेश्वर कल्याणी मां द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बच्चों में संचिता, माही, साहिल, कृष्णा भारती, आमोस भटनागर और पुष्पिका पांडे रहीं। संस्था की सचिव पूनम सिंह ने बताया कि यह समर कैंप 5 मई से 29 मई तक चलाया जाएगा। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक तौर से सतत विकास हो सके। इसका विशेष ध्यान रखा गया है।

### जेवर लेकर जा रहे भाई-बहन से छिनैती

**अपाचे बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और छीनकर भाग गए**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कोरांव इलाके में बुधवार रात बदमाशों ने अपनी बहन के साथ जा रहे बाइक सवार युवक से तीन लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए। युवक ने अपनी दुल्हन को देने के लिए जेवरात बनवाए थे। गुरुवार को उसकी बारात जानी है। घटना की सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने नाकेबंदी करके बदमाशों को गिरफ्तार करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।यमुनानगर के कोरांव के बढ़वारी गांव निवासी शुभम पांडेय पुत्र रामकृष्ण पांडेय अपनी बहन खुशबू को लेकर कोरांव बाजार गया था। शुभम की गुरुवार को शादी है। बारात ग्राम अंतरैला, रीवां, मध्य प्रदेश जाना है। शादी की तैयारी के लिए शुभम ने कोरांव स्थित कृष्ण मुरारी ज्वैलर्स के यहां से लगभग तीन लाख रुपए के जेवरात व कपड़े की दुकान से करीब दो लाख रुपए के कपड़े खरीदे। शुभम ने बताया कि खरीददारी करने के बाद रात लगभग 8 बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। जेवर का बैग लेकर खुशबू बाइक में पीछे बैठी थी।कोरांव बाजार से महज दो किमी दूर कोरांव ड्रमंडगंज मुख्य मार्ग पर जैसे ही वह उल्दा गांव पहुंचा कि अचला तालाब के पास अपाचे बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और खुशबू के हाथ से जेवरात भरा बैग छीनकर भाग निकले। खुशबू झटके के कारण जमीन पर गिर पड़ी और कपड़े भरे थैले सड़क पर बिखर गए। शुभम ने बहन को संभालते हुए बदमाशों का पीछा जरूर किया। मगर वह उन्हें पकड़ नही पाया। उसने घरवालों को सूचना दी। फिर कोरांव थाने में छिनैती की तहरीर दी।

**परिवार पर बढ़ा कर्ज का बोझ :** छिनैती की घटना ने वर पक्ष के मंसूबों पर पानी फेर दिया। शुभम के पिता रामकृष्ण ने बताया कि इस वर्ष ओले और अतिवृष्टि से क्षेत्र का किसान पूरी तरह तबाह हो चुका है। मैने बेटे की शादी के लिए इधर उधर से किसी तरह पैसे का इंतजाम कर आभूषण खरीदे थे, मगर लुटेरों ने मुझे पूरी तरह बर्बाद कर दिया। एक तरफ मेरे सिर पर कर्ज का बोझ पड़ गया, दूसरी तरफ बिना आभूषण के बारात ले जानी पड़ रही है।

**क्राइम ब्रांच की टीम ने डाला डेरा :** घटना के बाद कोरांव पुलिस हरकत में आ गई। लुटेरों की धर पकड़ के लिए हर संभावित जगह छापेमारी की जा रही है। वारदात का खुलासा करने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लुटेरे जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में होगी नगर पंचायत सिरसा व भारतगंज की मतगणना, तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के मेजा में 13 मई को नगर पंचायत सिरसा की होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। मतगणना स्थल मेजा के पहाड़पुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय को बनाया गया है। जहां पर बहुउद्देशीय हाल को दो भागों में बांट कर सिरसा और भारतगंज नगर पंचायत की मतगणना कराई जाएगी। मतगणना स्थल को सुव्यवस्थित करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को भी लगाया गया है।

**सुबह 8:00 बजे से शुरू होगी मतगणना**

मतगणना की तैयारी में जुटे मेजा के एसडीएम अभिनव कनौजिया ने बताया कि मतगणना सुबह 8:00 बजे से शुरू होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय की बहुउद्देशीय हाल में मंच पर दोनों रिटर्निंग अफसरों के साथ सब रिटर्निंग अफसर बैठेगे। जो पर्यवेक्षक करेंगे। नीचे टेबल लगाकर मतगणना कराई जाएगी। हर टेबल पर चार कर्मचारियों को लगाया जाएगा। यह रूपरेखा प्रशासन ने तय की है कि मतगणना स्थल को सुव्यवस्थित करने के लिए लोग निर्माण के अभियंताओं को लगाया गया है। मतगणना स्थल को चाक-चौबंद करने के लिए बैरिकेडिंग भी कराई जा रही है।आगामी 13 मई को सिरसा नगर पंचायत में अध्यक्ष के लिए आठ और सभासद के लिए 5 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। सिरसा में भाजपा और सपा के बीच में मुकाबला है। वहीं भारतगंज में भी अध्यक्ष के लिए 8 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। सिरसा में 11 वार्ड में भारतगंज 13 वार्ड के लिए चुनाव हुए हैं।

# नैनी में टप्पेबाजों ने कार से उड़ाए दो लाख नकद व पिस्टल

## कारोबारी के साथ हुई टप्पेबाजी की घटना की सूचना मिलने पर जांच पड़ताल करने पहुंची पुलिस

**अखंड भारत संदेश**





**नैनी।** कोतवाली अंतर्गत कॉटन मिल के समीप बुधवार रात एक कारोबारी की कार से टप्पेबाजों ने बैग उड़ा दिया। बैग में दो लाख रुपए की नगदी, लाइसेंसी पिस्टल, लैपटॉप, लाइसेंस के कागजात व अन्य डॉक्यूमेंट थे। नैनी इलाके में टप्पेबाजी की दो महीने के अंदर यह चौथी घटना है। घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस हमेशा की तरह छानबीन करके वापस लौट गई। प्रयागराज नगर के जॉज्ज टाउन थाना अंतर्गत दरभंगा कॉलोनी निवासी ऋषि चावला पुत्र रमेश चावला अपना खुद का कारबार है। बुधवार की शाम को वह अपने मित्र से मिलने नैनी कोतवाली क्षेत्र के कॉटन मिल के समीप होंडा एजेंसी गए थे। उनका ड्राइवर रमाशंकर इनोवा कार में ड्राइविंग सीट पर बैठा हुआ था और ऋषि चावला अंदर मित्र से मेलने चले गए। उसी दौरान एक व्यक्ति आया और ड्राइवर से बोला कि इनोवा कार का मोबिल गिर रहा है चालक रमा शंकर घबराकर नीचे उतरा और बोनट खोलकर मोबिल आयल चेक करने लगा। इसी दौरान इनोवा गाड़ी में पीछे की सीट पर रखा बैग टप्पेबाजों ने उड़ा दिया। बैग में दो लाख की नगदी, लाइसेंसी पिस्टल लाइसेंस के कागजात व अन्य डॉक्यूमेंट थे। मित्र से मिलने के बाद जब ऋषि चावला वापस कार में आए तो सीट पर बैग न देखकर अवाक रह गए उन्होंने ड्राइवर रमाशंकर से पूछा तो वह भी अनभिज्ञ रहा। पूछताछ में पता चला कि एक व्यक्ति आया था और उसने बताया कि गाड़ी से मोबिल गिर रहा है उसके बाद पता चला कि टप्पेबाजी हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि कारोबारी की कार से बैग गायब हुआ है वहा लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक कर-के खोजबीन की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज में बेली हास्पिटल के डॉक्टर बर्खास्त

**बाल रोग विशेषज्ञ 10 साल से थे गैर हाजिर, डिप्टी सीएम ने की कार्रवाई**



**प्रयागराज।** लंबे समय से लापता चल रहे डॉक्टरों पर सरकार शिकंजा कस रही है। प्रयागराज के तेज बहादुर सप्रू (बेली) हास्पिटल में कार्यरत रहे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक मिश्र को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बर्खास्त करने का आदेश दिया है। अपने ट्वीटर अकाउंट पर भी उन्होंने इस बात की पुष्टि की है।उन्होंने लिखा है.."शासकीय ड्यूटी में लापरवाही बरतने और लगातार अनुपस्थित रहने के दोषी प्रयागराज के एक चिकित्सक को मेरे द्वारा तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश प्रमुख सचिव को दिया गया है।" बता दें कि अभिषेक मिश्रा करीब 10 साल से बेली हास्पिटल से अनुपस्थित चल रहे हैं। उन्हें बर्खास्त करने की कवायद लंबे समय से चल रही थी। जौनपुर में चला रहे हैं हॉस्पिटल : बता दें डॉ. अभिषेक मिश्रा जनपद जौनपुर के रूहट्टा में ओम साईं बाल चिकित्सालय के नाम से बड़ा अस्पताल चला रहे हैं। उनके अस्पताल में अच्छी खासी भीड़ होती है। वहीं, इस संबंध में तेज बहादुर सप्रू हॉस्पिटल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा चौधरी ने दैनिक भास्कर को बताया कि मेरे आने के बहुत पहले से डॉ. अभिषेक अनुपस्थित चल रहे थे। उनके बारे में शासन स्तर से जानकारी मांगी गई थी। जवाब भी दिया गया है कि वह कई सालों से यहां नहीं आ रहे हैं।

**2013 में ही हमने इस्तीफा दे दिया था** : डॉ. अभिषेक : बातचीत में डॉ. अभिषेक मिश्रा ने कहा, कि मैं करीब डेढ़ साल तक बेली हास्पिटल में काम किया था। दिसंबर 2013 में मैंने इस्तीफा दे दिया था और तभी से मैंने कभी सैलरी भी नहीं लिया। मेरे स्थान पर बेली हास्पिटल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत पांडेय ज्वाइन भी कर लिए थे उसी समय। ऐसे में अब बर्खास्त करने का औचित्य क्या है।

### शाइस्ता मुझसे 10 लाख से ज्यादा की वसूली कराती थी

**छोटी रकम नौकर वसूलता था, अतीक धमकाता था, वकील सौलत ने खोले कई राज**



**प्रयागराज।** अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ ने पुलिस की 4 घंटे की पूछताछ में अतीक के नेटवर्क को लेकर कई खुलासे किए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सौलत ने बताया कि साबरमती जेल से अतीक गुजरात, मुंबई और दिल्ली के व्यापारियों को कॉल करके धमकाता था। जबकि शाइस्ता वसूली के धंधे को संभालती थी। 10 लाख से ज्यादा की रकम लेने के लिए शाइस्ता मुझे भेजती थी। छोटी रकम अतीक का नौकर वसूलता था ।दरअसल, धूमनगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुधवार को सौलत को दोबारा रिमांड पर लिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सौलत ने बताया कि उमर और अली के जेल जाने के बाद असद ने कारोबार की बागडोर संभाली थी। **पुलिस ने मांगी थी 3 दिन की रिमांड** : धूमनगंज पुलिस ने खान सौलत हनीफ की 3 दिन की पुलिस रिमांड मांगी थी। जबकि बुधवार को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कल दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक की रिमांड मंजूर की। रिमांड मिलते ही पुलिस उसे धूमनगंज थाने लाई और पूछताछ की।सूत्रों के अनुसार, पुलिस खान सौलत के आईफोन का डेटा रिकवरी के लिए भेज रही है। उसने पूरी डिटेल मोबाइल से पहले ही डिलीट कर दी है। वकील ने कबूला है कि 19 फरवरी को उसने अपने आईफोन से असद को उमेशपाल की तस्वीरें भेजी थीं। वहीं, सौलत ने पूछताछ के दौरान कुछ स्क्रीन शॉट भी पुलिस को दिए है, जोकि रुपयों के लेनदेन से संबंधित है।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

## चाचा बोले- रात में मोबाइल पर करता था बात, मां ने लगाई थी फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के धूमनगंज थाना अंतर्गत उमरपुर नीवा मोहल्ले में बीती रात डीजे पर काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके घरवालों का कहना है कि वो रात रात भर किसी से मोबाइल पर बात करता था। घरवालों ने मना किया तो तैश में आकर उसने ऐसा कदम उठा लिया। सूचना के बाद पहुंची धूमनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।उमरपुर नीवा मोहल्ला निवासी विनोद कुमार शादी विवाह में बजने वाली डीजे में काम करता था। उनके तीन बेटियों के बीच में इकलौता बेटा अभिषेक कुमार उर्फ लाला (22) था। पढ़ाई लिखाई में मन न लगने की वजह से पिता ने अभिषेक को भी डीजे में ही काम दिलवा दिया था। उसके चाचा सुजीत कुमार ने बताया कि वह जब भी घर में रहता, किसी से मोबाइल पर लगातार बात करता रहता था। इसको लेकर मां सविता देवी ने उसे कई बार डांटा भी था। बुधवार की रात में वह बिना खाना खाए अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद मां सविता देवी उसे बुलाने गई तो उसकी चीख निकल गई। वह कमरे के अंदर पंखे में बिजली के तार के फंदे से फांसी पर लटक रहा था। मां की चीख पर दौड़े घरवालों ने उसे फंदे से नीचे उतारा तो उसकी सांस चल रही थी। उसे परिवार के लोग स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय लेकर भागे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चाचा सुजीत कुमार ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश कुमार मौर्य का कहना है कि लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया है।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**पति और पत्नी का हुआ था विवाद, बेटा बोले- ननिहाल वालों ने मारकर लटका दिया**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत मनोहरी कस्बे में भट्ठा मजदूर अपने घर में बल्ली से लटकता मिला। उसके बेटे ने अपने मामा व अन्य ननिहाल वालों पर पिता को मारकर फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है। वजह मां से पिता का झगड़ा होना बताया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा दिया और मामले की जांच कर रही है।कौशांबी जनपद के पिपरी थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 2 नई मियां का पूरा निवासी नत्थू राम सरोज (38) पुत्र सूरजपाल सरोज अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पुरामुफ्ती में ससुरालवालों के बगल में घर बना कर रहता था। वह पूरा मुफ्ती में एक भट्टे पर मजदूरी करता था। बृहस्पतिवार को सुबह वह अपने घर के एक कमरे में छत में लगी बल्ली के सहारे बंधी रस्सी के फंदे से फांसी पर लटका मिला। उसके बेटे अजय कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। बेटे अजय कुमार का कहना है कि उसकी मां और पिता में कई दिन से झगड़ा हो रहा था। बुधवार को उसके पिता नत्थू राम सरोज उसके मामा के पास मां की शिकायत लेकर गए थे। वहां पर भी झगड़ा हो गया था। जिसमें मामा व अन्य लोगों ने नाथूराम की पिटाई कर दी थी।उसने आरोप लगाया कि मामा लोगों ने ही उसके पिता को मार कर फांसी के फंदे पर रात में लटका दिया। पुरा मुफ्ती थाना प्रभारी आशुतोष कुमार का कहना है कि अभी जांच की जा रही है। पति-पत्नी में झगड़ा चल रहा था। वह अपनी ससुराल में पत्नी की शिकायत करने गया था। जहां उसका ससुराल वालों से भी विवाद हो गया था। मारकर फांसी पर लटकाने की जांच की जा रही है।

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने बनाई रणनीति

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जालापुर गांव में भाजपाइयों ने नुक्कड़ सभा कर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाना अभी से शुरू कर दिए हैं। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वर्तमान सांसद रमेश चंद्र बिन्द रहे। आज 18 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा है।यही नहीं यह पहली पार्टी है जिसकी देशभर में बूथ स्तर की सशक्त और गतिशील समिति है। कार्यकर्ता ही पार्टी की पूजी है। भाजपा में सब कार्य के लिए कार्यकर्ता और सभी कार्यकर्ता के लिए काम की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। हर कार्यकर्ता जीत की शुरूआत अपने बूथ से करें। उन्होंने लोक सभा चुनाव में पार्टी की बड़ी सफलता के लिए बूथ आधारित कार्यक्रमों को गति देने का आवाहन किया। उन्होंने बूथ समितियों को सर्व स्पर्शी सर्वव्यापी और सर्व समावेशी बनाने पर बल दिया। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर घर लेकर जाए। डॉक्टर एस के बिन्द ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वही संचालन लक्ष्मी नारायण बिंद ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान शेषमणि बिंद ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष रामबाबू सिंह, दिनेश,कप्तान, रामराज, श्याम कुमार, जीत राज, ज्ञानचंद, रामअचल, रमेश, अब्दुल्ला अंसारी, फलराज, रामलाल, रवि, दिलशाद, रामसेवक, दीपक, कमलेश, जितेंद्र, केके, लालचंद, सरफराज, त्रिलोकी, रामधनी, जंग बहादुर, राजपति, सुभाषचंद्र, राकेश पाल, राकेश बिंद प्रेमचंद आदि लोग उपस्थित रहे।


**आवश्यकता है**

एस. आर. सिंह आर बी सिंह महाविद्यालय हण्डिया प्रयागराज (सम्बद्ध राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज)

**प्राचार्य हेतु**

योग्यता एवं वेतनमान राज्य सरकार विश्वविद्यालय के मानकानुसार

आवेनद की अंतिम तिथि विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर

प्रबन्धक : राम बहादुर सिंह

मो.: 8853264243


# 108 व 102 एंबुलेंस कर्मियों को मिला सम्मान

## जनवरी से अप्रैल तक उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 स्वास्थ्य कर्मी किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में संचालित 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा जनता के बीच अपने त्वरित रिस्पांस के लिए जानी जाती है। किसी भी आपदा में 108 एम्बुलेंस व 102 एम्बुलेंस सेवा जिले में 24 घंटे तत्पर रहती है। इस सेवा में कार्यरत बेहतर कर्मचारियों को संस्था की ओर से चयन किया गया। सीएमओ ऑफिस में गुरुवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 एम्बुलेंस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जनवरी से अप्रैल तक बेहतर कार्य करने को लेकर मिला है। सीएमओ ऑफिस में डॉ. अशोक चौरसिया (डिप्टी सीएमओ) डॉ. शुभेंदु ने अपने हाथों से एम्बुलेंस कर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। जिसमें जिले के प्रोग्राम मैनेजर मिस्टर सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

**इनको किया गया सम्मानित**

एम्बुलेंस कर्मचारियों में सम्मानित होने वालों में अशोक पटेल, कोमल संखवार, रामदयाल, महेश कुमार यादव, धनपाल, बद्री प्रसाद, राजेश वर्मा, सीमा, रोहित, लालचंद्र, सागर मौर्या, शमशेर अली, रामनाथ इत्यादि लोग शामिल है।

### ऑनलाइन होगी परिषदीय स्कूलों की मानिटरिंग

**प्रयागराज के बीएसए एक क्लिक पर देख सकेंगे विद्यालय की स्थिति**



**प्रयागराज।** परिषदीय विद्यालयों की सेहत सुधारने के लिए नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं। अब परिषदीय स्कूलों की मॉनिटरिंग ऑनलाइन की जाएगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है जहां पूरा सिस्टम भी लगा होगा। जिला इरअ (बेसिक शिक्षा अधिकारी) खुद इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। शिक्षक व बच्चों की उपस्थिति, साफ सफाई, गुणवत्तायुक्ता शिक्षा आदि की जानकारी ली जाएगी। यहां ऐसा सिस्टम तैयार किया जा रहा है कि एक क्लिक पर किसी भी स्कूल की तत्काल स्थिति बीएसए जान सकते हैं।

**शिक्षण कार्य में सुधार लाने की कवायद : बीएसए** : बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि प्रयागराज में 2853 परिषदीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य में सुधार लाने के लिए समय- समय पर महानिदेशक की ओर से अभियान चलाए जा रहे हैं। बीते डेढ़ साल से हम लोग शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर रहे हैं। पिछले डेढ़ माह के निरीक्षण में यह बात सामने आई कि पहले 30% शिक्षकों की अनुपस्थिति मिली थी लेकिन अब औचक निरीक्षणों के बाद से यह संख्या कम हुई और अभी 10% शिक्षकों की अनुपस्थिति मिल रही है। इसमें और सुधार किया जाना है।

**कंट्रोल रूम में तैनात होंगे 5 स्टॉफ** : बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया अब विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति के साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर क्या काम किए जा रहे हैं। शिक्षकों को इसके लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। अच्छे परिणाम आ रहे हैं। इन सबकी हकीकत जानने के लिए हमने कंट्रोल रूम बनाया है जहां से सीधे हम यह जान सकेंगे कि तत्काल विद्यालय में क्या चल रहा है। यहां 5 स्टॉफ भी लगाए गए हैं। इसके लिए लिए सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय में पूरी सेटअप तैयार किया जा चुका है। इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। यह स्क्रीन मोबाइल से भी कनेक्ट है।


**किशोरी लाल महादेयी विधि महाविद्यालय**

पुरवा, पतेवरा, नैनी, प्रयागराज (सम्बद्ध राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज) उ. प्र.

**आवश्यकता है**

किशोरी लाल महादेयी विधि महाविद्यालय पुरवा, पतेवरा, नैनी, प्रयागराज में L.LB ( 3 Years) के सभी विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं (B.A. L.LB) ( 5 Years) में विधि के समस्त विषयों के साथ ही राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, अंग्रेजी विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता हेतु स्थान रिक्त है, प्रवक्ता के साथ ही एक पद प्राचार्य हेतु भी स्थान रिक्त है।

योग्यता एवं वेतनमान राज्य सरकार विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर अपना बायोडाटा एवं समस्त मूल दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

प्रबन्धक

मो.: 9451360758, 9125404570

## खबर संक्षेप

### ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों के लिए ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित की जा रही है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार ने देते हुए बताया कि जनपद के अन्य पिछड़े वर्ग के इच्छुक युवक/युवतियाँ ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 15 मई, 2023 से 30 मई, 2023 तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।

### पेंशनर ऑनलाइन दर्ज करायें शिकायत

**कौशाम्बी।** पेंशनर पेंशन सम्बन्धी किसी भी समस्या की शिकायत को ऑनलाइन दर्ज करा सकतें हैं। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार द्वारा दी गयी है।

# मतगणना स्थल पर तैनात सिपाही की ड्यूटी के दौरान मौत

**छत से गिरने की वजह से बताई जा रही है सिपाही की मौत, भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में बनाए गए मतगणना स्थल की घटना, मतपेटिकाओ की सुरक्षा में तैनात था हेड कांस्टेबल, बुधवार की शाम से गायब था सिपाही राजीव सिंह, रात 12 बजे से थी ड्यूटी सीसीटीवी कैमरे ने की पुष्टि**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में बनाए गए मतगणना स्थल पर रखी गई मतपेटिकाओ की सुरक्षा में तैनात हेड कांस्टेबल की मौत से बिभाग में हड़कंप मच गया है छत से गिरने से सिपाही की मौत बताई जा रही है,मृतक सिपाही कौशाम्बी पुलिस लाइन में तैनात था और मतगणना स्थल भरवारी में मतपेटिकाओं की सुरक्षा में ड्यूटी लगाई गई थी,मृतक सिपाही का नाम राजीव सिंह था और वह गाजीपुर जिले के पर नगर गांव का रहने वाला था। मतगणना स्थल पर तैनात सिपाही की मौत की जानकारी मिलते ही प्रशासन के बीच खलबली मच गई और डीएम सुजीत कुमार ,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव,सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण,कोखराज थाना प्रभारी विनोद यादव सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली,घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी पहुंची और जांच की मृतक सिपाही के शव को एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और जांच शुरू कर दी गई। एएसपी समर बहादुर सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल पर मतपेटिकाओ की सुरक्षा में तैनात सिपाही की छत से गिरकर मौत हो गई है सिपाही वही पर रहकर मतपेटिकाओ की सुरक्षा कर रहा था,वहा लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में वह बुधवार की शाम को कालेज की छत पर जाते हुए दिखे थे और सुबह लगभग 11 बजे उनका शव मिला है, आशंका है कि वह गर्मी से बचने के लिए छत पर गए थे और वहां उनका पैर फिसल गया और उनकी गिरकर मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है और आगे की विधिक कार्यवाई की जा रही है।



सिपाही की मौत की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे आला अधिकारी तथा इन्सेट में मृतक सिपाही

## न्यूज झरोखा

### डीएम एसपी के निरीक्षण में अवैध खनन की खुली पोल



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को महेवाघाट थाना अंतर्गत जमुनापुर बालू खनन क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया 1जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर बालू खनन पाए जाने पर जिला खनन अधिकारी को संबंधित के विरुद्ध नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए मामले को यदि डीएम ने गंभीरता से लिया तो खनन अधिकारी पर भी कार्यवाही हो सकती है।

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा गंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सचिन सोनकर पुत्र भुल्लन सोनकर निवासी गढवालीपुर मजरा सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को अकबरपुर रोड से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त अचल रस्तोगी पुत्र राम लाल रस्तोगी नि बुद्धपुरी थाना सराय अकिल को गौरा नहर पुलिया के पास से एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों छोटू पुत्र लखन व सोनू पुत्र चौबे लाल निवासी कुडारपर थाना सुल्तानपुर घोस जनपद फतेहपुर को टाडा पुल अझुवा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजू पुत्र राम प्रकाश निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 158 वाहनों का ई–पालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना सराय अकिल से दो कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# ससुराल में रह रहे व्यक्ति की खंडहरनुमा घर में फांसी के फंदे से झूलती मिली लाश

अखंड भारत संदेश

**मृतक के भतीजे ने मृतक की पत्नी और ससुराली जनों के खिलाफ दी हत्या की तहरीर**

**कौशाम्बी।** जिले की सीमा से सटे प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मनौरी गांव में एक व्यक्ति का शव खंडहरनुमा घर में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है। मृतक व्यक्ति कई माह से ससुराल में रहकर जीविकापार्जन के लिए ईंट भट्ठे पर काम किया करता था। बीती रात किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ उसके बाद बिना बताए घर से बाहर चला गया फिर वापस लौटकर नही आया। बृहस्पतिवार की सुबह रस्सी के सहारे उसकी लाश खंडहरनुमा घर में फांसी के फंदे से झूलती हुई मिली यह जानकारी होते ही मृतक की पत्नी और ससुरालीजनो के होश उड़ गए। पिपरी थाना क्षेत्र के वार्ड न0 2 नईम मिया का पूरा निवासी नच्चू उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्र सूरज पाल कई माह पहले पत्नी और बच्चों के साथ मनौरी गांव चला गाय था और ससुराल में रहकर कोइलाहा स्थित ईंट भट्ठे पर काम किया करता था। लोगों की माने तो वह नशे का आदी भी था इसी बात को लेकर बुधवार की रात मृतक और उसकी पत्नी के बीच कहासुनी हुई पत्नी का कहना है कि उसके बाद मृतक व्यक्ति घर से बिना बताए बाहर चला गया सुबह उसकी लाश मनौरी गांव में खंडहरनुमा घर में मिली है युवक का शव मिलने की जानकारी हुई तो पत्नी व ससुराली जनों के होश उड़ गए। मृतक का भतीजा जयसिंह ने नाच्चू की मौत का आरोप मृतक की पत्नी, सास, ससुर, साला, एवं साली के ऊपर हत्या का आरोप लगाते हुए पूरामुफ्ती थाना में लिखित तहरीर देकर बताया कि नच्चु को उसकी पत्नी और अन्य ससुराली जनों ने बीती रात को विवाद होने के कारण पीट - पीट कर हत्या कर दी उसके बाद आत्म हत्या का रूप देने के लिए एक खंडहर नुमा घर में फांसी का फंदा लगाकर लाश को टांग दिया। सूचना पाकर पूरामुफ्ती पुलिस बल मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में ले लिया लिखा - पढ़ी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद पूरामुफ्ती पुलिस स्थानीय लोगों से पूछ - ताछ कर हकीकत के तह तक जाने में जुट गई। पूरामुफ्ती पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



युवक की लाश मिलने के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण

### गड्ढा युक्त सड़क पर नही लग पा रही इंटरलॉकिंग



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के बथुई ग्राम सभा में गड्ढा युक्त सड़क पर इंटरलॉकिंग नहीं लग पा रही है जिससे ग्रामीणों को सड़क में आने जाने में दिक्कतें होती हैं लोगों ने बताया कि ग्राम सभा का प्रधान सड़क पर इंटरलॉकिंग लगवाना चाहता है लेकिन गांव के दबंग लोग बाधक बन रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ दबंग विकास की गंगा बहाने में रोड़ा बने हुए हैं बताया जा रहा है की अरका से गौहानी कला गांव को जाने वाली रोड बथुई होते हुए जाती है बथुई गांव के पास रोड पर गर्मी के दिनों में कीचड़ से चकरोड अवरुद्ध है जबकि चकरोड ग्राम सभा के नक्शे में है और ग्राम प्रधान उस गड्ढे के दोनों तरफ इंटरलॉकिंग लगवा चुका है और उस गड्ढे के लिए ईट और बालू रखा हुआ है लेकिन गांव का दबंग इतना तेज तर्रार रूप से दबंगई पर उतारू है जिससे ग्राम प्रधान उस गड्ढा युक्त सड़क पर इंटरलॉकिंग नहीं करा पा रहा है जिससे ग्रामीणों में दबंग के विरुद्ध आक्रोश है ग्रामसभा के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त ग्राम सभा के दबंग पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए जिससे गड्ढा युक्त सड़क पर इंटरलॉकिंग हो सके।

### जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी द्वारा अभियुक्त श्रीकान्त उर्फ राजा तिवारी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद तिवारी निवासी कोरीपुर थाना पश्चिम शरीरा को जिलाबदर का आदेश किया गया था। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त श्रीकान्त तिवारी उपरोक्त अपने ग्राम कोरीपुर आया है जिलाधिकारी के आदेश के उल्लंघन करने पर थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को ग्राम कोरीपुर के पास से गिरफ्तार कर गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर उत्तर प्रदेश गुण्डा गर्दी नियंत्रण मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चोरी के 23 बोरी सीमेंट के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बाबू लाल पुत्र इन्द्र नारायण तिवारी निवासी सुल्तानपुर कसार थाना कड़ाधाम को सैनिक ढाबा गिरधरपुर गढ़ी के पास से 23 बोरी चोरी के सीमेंट के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रयागराज में रहकर पढ़ाई कर रही छात्रा हुई गायब

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक छात्रा प्रयागराज जनपद के कीटगंज मोहल्ले में आपने एक अन्य सहेली के साथ किराए के मकान में रह कर पढ़ाई कर रही थी बताया जाता है कि दोनों छात्रा प्रयागराज के टीआरएस विद्यालय में 12वीं क्लास में पढ़ती थी प्रयागराज में रहने वाली एक छात्रा एक युवक के साथ फरार हो गई है छात्रा के फरार होने के बाद उसके परिजनों ने छात्रा की सहेली पर फरार कराने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है फरार हुई छात्रा के परिजनों का कहना है कि छात्रा ने छात्रा को बहला फुसलाकर अज्ञात लड़के के साथ फरार कराने में सहयोग किया है प्रयागराज में रहकर पढ़ाई कर रही छात्रा के फरार होने की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुँचे और गायब छात्रा की खोजबीन की किंतु छात्रा का कहीं पता नहीं चल सका खोजबीन के दौरान पता चला कि छात्रा के साथ किराए पर रह रही दूसरी छात्रा अज्ञात लड़के के साथ छात्रा को लेकर फरार हो गई है छात्रा के परिजनों ने सराय अकिल पुलिस को छात्रा के विरुद्ध लिखित तहरीर दी है।लिखित तहरीर पाकर सराय अकिल पुलिस ने छात्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। हालांकि छाता के फरार होने का यह मामला प्रयागराज जनपद से संबंधित है और छात्रा प्रयागराज जनपद से फरार हुई है लेकिन फिर भी सराय अकिल पुलिस ने आनन–फानन में स्कूली छात्रा के विरुद्ध छात्रा को फरार कराने का मुकदमा जल्दबाजी में दर्ज कर लिया है जो सराय अकिल पुलिस के कार्य क्षेत्र के बाहर बताया जाता है फिर दूसरे क्षेत्र में हुई घटना का मुकदमा दर्ज करने की सराय अकिल पुलिस को क्या जल्दबाजी थी यह सराय अकिल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं और सराय अकिल पुलिस की इस कार्यशैली पर आला अधिकारियों को जांच करा कर मामले की हकीकत उजागर करनी होगी।

**सराय अकिल पुलिस ने दूसरे क्षेत्र की घटना का आनन-फानन में दर्ज किया मुकदमा**



# बारात जा रही दो दूल्हे की कारों में आमने-सामने जबरदस्त भिडंत

**कार सवार दूल्हे सहित कई घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा के दीवर कोतरी के पास बुधवार की देर रात शादी के लिए बारात लेकर जा रही दो दूल्हे की कारो की आमने–सामने जबरदस्त भिडंत हो गई,भिडंत में दोनो कार में सवार दूल्हे और महिलाए एवम लड़किया घायल हो गई।दूल्हे के साथ रहे युवकों ने यूपी 112 और एंबुलेंस को फोन किया जिसके बाद घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली के ओसा गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र संतोष लोधी की बारात कौशाम्बी थाना के उरई पहड़िया ऊधम सिंह के घर जा रही थी जैसे ही दूल्हे संदीप की कार दीवर कोतारी महाबली बाबा के पास पहुँची कि करारी की तरफ से टेवा जा रही दूसरी बारात की कार से संदीप की कार की जोरदार टक्कर हो गयी दो दुल्हो की दो कारे आमने सामने जबरदस्त टकरा गई,टक्कर के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई,हादसे में दोनो दुल्हों सहित कार में बैठी महिलाए और लड़किया घायल हो गई।मौके पर पहुंचे लोगो ने यूपी 112 और एम्बुलेस को फोन किया और सभी को बाहर निकलकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है प्राथमिक उपचार के बाद घायल दूल्हे संदीप को बारातियों के साथ शादी की रस्म निभाने भेज दिया है और उसके बहन वा अन्य रिश्तेदार का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### पैदल जा रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के पावर हाउस के पास सड़क पर पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी है जिससे पैदल जा रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के सिहोरवा गांव निवासी रामचंद्र पुत्र ललई का बेटा नूनू पुत्र रामचंद्र बुधवार को रात लगभग 11:00 बजे पावर हाउस के पास अपने मामा को खाना देने पैदल जा रहा था तभी अचानक तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दो पहिया वाहन ने पीछे से नूनू को टक्कर मार दी टक्कर लगने से भुक्तभोगी का बेटा नूनू गंभीर रूप से घायल हो गया तभी मौके पर आसपास रहे लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने नूनू की गम्भीर हालत देखकर मंझनपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां नुनू का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है हालत नाजुक बताई जा रही है भुक्तभोगी ने दो पहिया वाहन यूपी 70 जीएच 30 10 के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर सराय अकिल पुलिस ने दो पहिया वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# अवैध कब्जे पर कई वर्षों बाद भी नहीं चल सका योगी सरकार का बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** योगी के बुलडोजर का नाम सुनते ही पूरे प्रदेश में भूकंप आ जाता है लेकिन कौशांबी जिले में योगी का बुलडोजर चलता नहीं दिख रहा है अवैध कब्जे को खाली कराने के लिए योगी सरकार बार-बार निर्देश दे रही है लेकिन कौशांबी जिले में सरकारी जमीनों में किए गए अवैध कब्जे के मामले में योगी सरकार के बुलडोजर की गति धीमी दिखाई पड़ रही है जिससे सरकारी जमीनों में किए गए अवैध कब्जे में ठोस कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।

ताजा मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज के सामने और बगल की सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से सपा नेताओं के कब्जे का है चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने भी अपने कार्यकाल में सरकारी अस्पताल से अवैध कब्जे को हटाने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा था लेकिन उसके बाद भी सरकारी अस्पताल की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे पर कई वर्ष बीत जाने के बाद भी योगी सरकार का बुलडोजर नहीं चल सका है स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी सरकारी अस्पताल की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज की जमीन में कब्जा किए जाने से लोगों को अस्पताल पहुंचने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है अस्पताल के दोनों ओर अतिक्रमण का बोलबाला है अस्पताल का भवन अतिक्रमण के चलते गुम सा हो गया है सब कुछ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिखाई पड़ रहा है लेकिन उसके बाद भी अस्पताल की जमीन पर कब्जे के मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं आखिर कौशांबी जिले में अवैध तरीके से सरकारी संपत्तियों पर कब्जा किए जाने के मामले में आला अधिकारियों द्वारा सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने में इतनी लापरवाही क्यों बरती जा रही है यह बड़ी जांच का विषय है एक बार फिर सरकारी अस्पताल में अवैध कब्जे के मामले में शिकायती पत्र देते हुए पूर्व ग्राम प्रधान आफताब अहमद शाखा बरीपुर ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज की जमीन पर सपा नेताओं के कब्जे पर बुलडोजर चलाकर धराशाई करने की मांग की है।

**सरकारी अस्पताल की जमीन**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज के सामने और बगल की सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से सपा नेताओं ने कई वर्ष पूर्व किया था कब्जा**

# कौशाम्बी के मजदूर की दिल्ली में हुई मौत

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के सेहिया गांव के रहने वाले युवक सूर्य चन्द्र की मौत मंगलवार को दिल्ली की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने के दौरान जेसीबी का लोडर गिरने के चलते हो गई थी।दिल्ली से सूर्य चंद्र का शव गुरुवार को गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया,गांव में ही में गुरुवार को सूर्य चन्द्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक सूर्य चंद्र की पत्नी मीना ने पति को मुखाग्नि देकर उसे अपने सारे धर्म निभाते हुए अंतिम संस्कार किया। सूर्य चन्द्र की मौत के बाद अब उसके परिवार के लिए कोई सहारा नहीं रह गया है। 70 साल के सूर्य चन्द्र ने 40 साल से दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनियों में राजगीरी का काम कर अपनी 4 बेटियों और 1 बेटे की परवरिश की थी। बेटी सरोज के मुताबिक पिता की मौत के बाद अब उनकी और मां की देखभाल करने वाला साया उठ गया।

# जिलाधिकारी ने की गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी को पूर्ति निरीक्षकों एवं कोटेदार के सहयोग से शेष रह गये सभी अन्त्योदय कार्डधारकों का मई माह तक शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनवाने के निर्देश दियें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत शेष रह गये सभी पात्र व्यक्तियों का ग्राम पंचायतवार सूची तैयार कर दिनांक 16 मई 2023 को विशेष अभियान चलाकर पंचायत सहायकों एवं आयुष्मान मित्रों के माध्यम से अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड बनवाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में पात्र व्यक्तियों की संख्या अधिक है, उन ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन भी किया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि सभी आईपीडी मरीजों से यह जानकारी अवश्य प्राप्त किया जाय कि उनका गोल्डेन कार्ड बना है या नहीं तथा गोल्डेन कार्ड न बनने की जानकारी प्राप्त होने पर आयुष्मान मित्र द्वारा मरीज का आधार कार्ड/राशन कार्ड/मोबाइल नम्बर लेकर पात्रता की जॉच की जाय एवं पात्र पाये जाने पर गोल्डेन कार्ड तत्काल बनाया जाय। जिलाधिकारी ने आयुष्मान मित्रों को पुनः समुचित प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दियें, जिससे वे अपने कार्यों को सुगमतापूर्वक व तेजी से कर सकें। उन्होंने सभी एडीओ (पंचायत) को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पंचायत सहायकों द्वारा गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में अपेक्षित प्रगति लाई जाय, अपेक्षित प्रगति न करने वाले पंचायत सहायकों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाय। बैठक में बताया गया कि जनपद कौशाम्बी में 505470 लाभार्थियों के सापेक्ष 276492 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं तथा विगत अप्रैल माह में 29887 गोल्डेन कार्ड बनाये गये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में विभिन्न विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते जिलाधिकारी

## जन संपादकीय

# राजस्थान: बिखराव के कगार पर पहुँची कांग्रेस

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अनदेखी से राजस्थान में कांग्रेस दो फाड़ होने के कगार पर पहुंच गई है। पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलो की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोड़ने के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया। गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे। इसी के साथ गहलोत ने एक तीर से दो शिकार करते हुए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी लपेट लिया। इससे भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। गहलोत ने वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार गिराने की कवायद में साथ देने से इंकार कर दिया था। इससे आगे एक ओर दांव चलते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बगैर कहा कि जिन विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह से रुपए लिए, वे उन्हें वापस लौटा दें। गहलोत यहां तक कह गए कि यदि विधायकों ने 10 करोड़ में से कुछ करोड़ खर्च कर दिए हैं तो इसकी भरपाई वे खुद कर देंगे या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से करवा देंगे। गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं। पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं। चुनावी वर्ष में प्रदेश में उठ रहे राजनीतिक बंवडरों की चपेट में आने से पूर्व मुख्यमंत्री राजे को भी तगड़ा झटका लगा है। लंबे अर्से से पार्टी में वनवास की हालत झेलने के बाद राजे ने केंद्र से अपने संबंधों में जो सुधार की कोशिश की थी, उससे नुकसान होना तय है। बड़ा सवाल देश जोड़ने के लिए यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के राजस्थान कांग्रेस में होते बिखराव को देखते रहने का है। कमोबेश पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पायलट-गहलोत विवाद में मूक दर्शक बने रहे। राजस्थान में गुर्जरों के निर्विवाद प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत के बीच ऐसी ठन गई है कि इसका समाधान अब कांग्रेस के बूते से बाहर हो गया है। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक प्रहार करने में जुटे हुए हैं। पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं दिए जाने से आहत पायलट ने लंबे अर्से तक घुटन झेलने के बाद खिलाफत का रास्ता अपनाया है। दो साल पूर्व की गई गहलोत सरकार की तख्ता पलटने की साजिश के बाद से ही पायलट कांग्रेस में हाशिए पर हैं। हालांकि विशाल किसान रैलियां निकाल कर पायलट अपनी ताकत का एहसास पार्टी को करा चुके हैं। पार्टी हाईकमान पायलट की भूमिका को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाए। इससे अनुभवी पायलट को अंदाजा लग गया कि पार्टी उनके साथ न्याय नहीं करेगी और न ही अशोक गहलोत के मामले में कोई निर्णय करेगी। इस राजनीतिक विवाद को लटकाने की कांग्रेस की रणनीति से आजिज आकर पायलट ने आक्रामक भूमिका अख्तियार कर ली। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा की मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया था। सचिन ने दो साल पहले मौजूद पार्टी अध्यक्ष खरगे की मौजूदगी में बहुमत का प्रदर्शन करने वाले गहलोत के दो करीबी नेताओं पर कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी कई बार सवाल उठाए हैं। सचिन के उठाए इस अप्रत्याशित कदम ने राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेताओं को गंभीर राजनीतिक संकट में डाल दिया। खरगे और रंधावा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सचिन के लगाए आरोपों से कन्नी काट ली। देश में कांग्रेस जिस राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रही है, ऐसी हालत में मुख्यमंत्री गहलोत पर किसी तरह का दवाब डाल कांग्रेस विद्रोह को हवा नहीं देना चाहती। लेकिन पायलट को लेकर कांग्रेस की उलझन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने अनुशासनहीनता का आरोप लगा कर पायलट को दबाने का प्रयास किया। इससे पायलट ज्यादा भड़क उठे। उन्होंने रंधावा के बयान की परवाह नहीं की और गहलोत के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल लिया। कांग्रेस के यह कहने के बाद कि राजस्थान में अगला मुख्यमंत्री चुनाव के बाद तय होगा, गहलोत के समर्थकों ने अघोषित तौर पर उन्हें आगामी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रचारित करना शुरू कर दिया। कांग्रेस हाईकमान सहित दूसरे नेता ऐसे दुविधापूर्ण मामलों में बयान देने से बचते रहे।

# मां का मातृत्व, प्रेम और त्याग उसे बनाता है विधाता

ललित गर्ग



**मातृ** दिवस का मतलब होता है मां का दिन। पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। मातृ दिवस मनाने का शुरूआत सर्वप्रथम ग्रीस देश में हुई थी, जहां देवताओं की मां को पूजने का चलन शुरू हुआ था। मातृ दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है। यह दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, क्योंकि मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है।

समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है। दुनियाभर में मनाये जाने वाले मातृ दिवस को मनाने का हर देश का तरीका अलग-अलग होता है, लेकिन इसका उद्देश्य एक ही होता है। एक शिशु का जब जन्म होता है, तो उसका पहला रिश्ता मां से होता है। एक मां शिशु को असहनीय पीड़ा सहते हुए उसे जन्म देती है और इस दुनिया में लाती है। इन नौ महीनों में शिशु और मां के बीच एक अदृश्य प्यार भरा गहरा रिश्ता बन जाता है। मां और बच्चे का रिश्ता इतना प्रगाढ़ और प्रेम से भरा होता है, कि बच्चे को जरा ही तकलीफ होने पर भी मां बेचैन हो उठती है। मां का दुलार और प्यार भरी पुचकार ही बच्चे के लिए दवा का कार्य करती है। इसलिए ही ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है। दुनिया का कोई भी रिश्ता इतना मर्मस्पर्शी नहीं हो सकता। मां के त्याग की गहराई को मापना भी संभव नहीं है और ना ही उनके एहसानों को चुका पाना। लेकिन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता को प्रकट करना हमारा कर्तव्य है। धरती पर मौजूद प्रत्येक इंसान का अस्तित्व, मां के कारण ही है। मां के जन्म देने पर ही मनुष्य धरती पर आता है और मां के स्नेह दुलार और संस्कारों में मानवता का गुण सीखता हैं। ह्यमां !ह्न यह वो अलौकिक शब्द है, जिसके स्मरण मात्र से ही रोम-रोम पुलकित हो उठता है, हृदय में भावनाओं का अनहद ज्वार स्वतः उमड़ पड़ता है और मनोःमस्तिष्क स्मृतियों के अथाह समुद्र में डूब जाता है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी। एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। माँ के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। इसका अनुभव भी एक माँ ही कर सकती है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली एवं संस्कार-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। जब वह बच्चे को जन्म देकर बड़ा करती है तो उसे इस बात की अपूर्व एवं अलौकिक खुशी होती है, उसके लाड़ले पुत्र-पुत्री से अब सुख मिल जाएगा। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी।

ह्यमांह्न-इस लघु शब्द में प्रेम की विराटता/समग्रता निहित है। अणु-परमाणुओं को संघटित करके अनगिनत नक्षत्रों, लोक-लोकान्तरों, देव-दनुज-मनुज तथा कोटि-कोटि जीव प्रजातियों को मां ने ही जन्म दिया है। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन् सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। इसलिये मां के ममत्व की एक बूंद को अमृत के समुद्र से भी ज्यादा मीठी माना गया है। सचमुच मां का हृदय बच्चे की सच्ची पाठशाला है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां


# जिद्दी और जुझारू इक्यावन कविताएँ



डॉ. सुपर्णा मुखर्जी



ऋषभदेव शर्मा




**फणीश्वरनाथ** रेणु का कथन है कि "लेखक के संप्रेषण में ईमानदारी है तो रचना सशक्त होगी, चाहे किसी विधा की हो।" लेकिन सवाल यह है कि, लेखक कब ईमानदारी से लिख पाता है? प्रसिद्ध फिलिस्तानी कवि महमूद दरवेश ने एक बार कहा है, "हर सुंदर कविता प्रतिरोध का बाना है"। (द्रष्टव्य- प्रस्तावना : 'इक्यावन कविताएँ: ऋषभदेव शर्मा', पृ.9)। इसी प्रकार अंग्रेजी कवि साइमन आर्मिटेज ने कहा है, "कविता के बारे में कुछ ऐसा है जो विरोधी है. इसमें कुछ अड़ियल है। यह असहमति का एक रूप है. अपने भौतिक रूप में भी. यह दाहिने हाथ के मार्जिन तक नहीं पहुँचता है, यह पृष्ठ के निचले हिस्से तक नहीं पहुँचता है. इसमें कुछ जिद्दीपन और जुझारूपन सदा रहा है।"। (वही: पृ. 9)। अर्थात, जब कवि समाज के बारे में सोचकर, देश के बारे में सोचकर लिखता है, निरपेक्ष होकर लिखता है, लेकिन जज बनने का प्रयास नहीं करता है, तब वह ईमानदारी से लिखता है। ठीक वैसे ही, जैसे कवि ऋषभदेव शर्मा (1957) लिखते हैं। उनकी चुनिंदा कविताओं का संग्रह "इक्यावन कविताएँ" (2023; कानपुर: साहित्य रत्नाकर; 136 पृष्ठ; ? 200) इसे बखूबी प्रमाणित करता है। प्रो. गोपाल शर्मा ने इस पुस्तक के लिए कवि ऋषभदेव शर्मा की इक्यावन कविताओं का चयन ही नहीं किया है, अपितु सुविस्तृत प्रस्तावना भी लिखी है। इन कविताओं का स्वाद एक समान नहीं है लेकिन इन कविताओं को कवि की ईमानदार चेतना ने साधारण जनमानस के जीवन के साथ जोड़ दिया है। प्रो. दिलीप सिंह के पास कवि ऋषभ के स्वभाव के बारे में कहने के लिए यह है, "लिखते अच्छा हैं, बोलते उससे भी अच्छा हैं। उनकी आवाज में हमेशा एक आवेश-जनित खनक होती है।"(वही, पृ.10)। यह आवेश उनकी कविता की भी पहचान है। देखें, माँ भारती को निवेदित उनकी कविता की ये पंक्तियाँ-

"काव्य को अंगार कर दे, भारती
शब्द हों हथियार, वर दे, भारती

हों कहीं शोषण-अनय-अन्याय जो
जूझने का बल प्रखर दे, भारती

सत्य देखें, सच कहें, सच ही लिखें
सत्य, केवल सत्य स्वर दे, भारती

सब जगें, जगकर मिलें, मिलकर चलें
लेखनी में शक्ति भर दे, भारती

हो धनुष जैसी तनी हर तेवरी
तेवरों के तीक्ष्ण शर दे, भारती"
(ऋषभदेव शर्मा: इक्यावन कविताएँ: पृ. 42)।

सामाजिक न्याय और सत्य की पक्षधर इस कविता की प्रासंगिकता स्वयंसिद्ध है! सही बात है क्योंकि जब तक माँ भारती के सपूत नहीं जागेंगे तब तक कैसे माँ भारती का आँचल स्वच्छ होगा! कवि का आह्वान है-

"अब न बालों और गालों की कथा लिखिए
देश लिखिए, देश का असली पता लिखिए।" (वही: पृ.43)।

साहित्यकार को केवल आदर्श बघारने के लिए ही नहीं लिखना चाहिए क्योंकि आदर्श और यथार्थ के बीच में जब द्वंद्व उत्पन्न होता है तब यथार्थ का साथ देना ही उचित और प्रासंगिक होता है। कवि ऋषभ इस सत्य से भली भाँति परिचित हैं। 'औरतें औरतें नहीं' कविता का यह अंश देखें-

"औरत को जीतने का अर्थ है
संस्कृति को जीतना
सभ्यता को जीतना,
औरत को हराने का अर्थ है
मनुष्यता को हराना,
औरत को कुचलने का अर्थ है
कुचलना देवत्व की संभावनाओं को।

इसलिए तो
उनके लिए
औरतें जमीन हैं;
वे जमीन जीतने के लिए
औरतों को जीतते हैं!" (वही: पृ. 50-51)।

यह कविता संपूर्ण विश्व में हजारों स्त्री-समर्थक नियमों के बावजूद स्त्री की भयावह दशा को रेखांकित करने में समर्थ हैं। प्रस्तुत पुस्तक में संकलित कविता 'लाज न आवत आपको' में कवि ने तुलसीदास की पत्नी रत्नावली की भावनाओं को नए रूप में प्रस्तुत किया है। पढ़ते हुए बरबस ही मैथिलीशरण गुप्त की यशोधरा और उर्मिला की याद आ गई। उन्हें पति छोड़ गए थे अपने कर्तव्य पालन हेतु; लेकिन रत्नावली ने तो पति को कर्तव्य पथ से अवगत करवाया था। फिर क्यों वह एकाकी जीवन जीने के लिए बाध्य हुई? कवि ऋषभ की कल्पना कहती है-

"तुम्हें बता बैठी तुम्हारा सच
और तुम लौट गए उल्टे पैरों
कभी न आने को!"( वही: पृ. 57)।

हाँ, रत्नावली ने पति को सच बता देने का ही अपराध किया था। स्त्री को सच भी वही बोलना चाहिए जो पुरुष को मनभावन लगे! परंतु रत्नावली ने तो यह कह दिया कि-

"न तुमने रात देखी न बारिश,
न तुमने नाव देखी न नदी,
तुम्हें लाश भी दिखाई नहीं दी,
साँप तो क्या ही दीखता?
तुम लाश पर चढ़े चले आए।
तुम साँप से खिंचे चले आए!

न था तुम्हें कोई भय
न थी लोकलाज!

तुम पुरुष थे
सर्वसमर्थ;
और समर्थ को कैसा दोष?

मैं औरत थी
पूर्ण पराधीन;
और पराधीन को कैसा सुख?" (वही: पृ. 56)।

ऐसा माना जाता है कि स्त्री ही स्त्री-मन की भावनाओं को सजीव रूप में उकेर सकती है। लेकिन ऐसा नहीं है। कवि ऋषभ को पढ़ने से समझ आता है कि बुद्ध उसी दिन बुद्ध बने थे जिस दिन उनमें स्त्री रूपी करुणा का संचार हुआ था और धर्म को नवीन रूप में उन्होंने विश्लेषित किया था। इस कवि में भी वही आवेग है जो धार्मिक उन्माद के विरुद्ध जाकर कहता है-

"सभी महाप्रभु खाली कर दें मेरी धरती
मुझे उगाना है एक जातिहीन मनुष्य
धर्मों से परे!" (वही: पृ. 135)।

यह कवि घुमा फिराकर बात नहीं करता। सीधी सपाट भाषा में 'पछतावा' भी प्रकट करता है; कुछ इस तरह-

"हम कितने बरस साथ रहे
एक दूसरे की बोली पहचानते हुए भी
चुप रहे
आज जब खो गई है मेरी जुबान
तुम्हारी सुनने और देखने की ताकत
छटपटा रहा हूँ मैं तुमसे कुछ कहने को
बेचैन हो तुम मुझे सुनने-देखने को

हमने वक्त रहते बात क्यों न की?" (वही: पृ. 130)।

अंत में यही कि इन इक्यावन कविताओं का रसास्वादन यथाशीघ्र कर लेना उचित होगा, ताकि एक अच्छे संकलन को न पढ़ पाने का 'पछतावा' मन में न रहे।

-डॉ. सुपर्णा मुखर्जी
हिंदी प्राध्यापिका, भवन्स विवेकानंद कॉलेज,
सैनिकपुरी, हैदराबाद (तेलंगाना)।

# प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए एक देश एक चुनाव की व्यवस्था होना बहुत जरूरी है

प्रो. संजय द्विवेदी

एक देश-एक चुनाव लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने का एक नीतिगत उपक्रम है। इसे समझने के लिए हमें चुनाव की प्रक्रिया को समझना होगा। हमारे देश में केंद्र और सभी राज्यों में, केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर, जनता द्वारा चुनी हुई सरकारें कार्य करती हैं। इनका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। ये कार्यकाल, किसी भी महीने पूरा हो सकता है। जब किसी निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो जाता है, तो उस राज्य में अथवा केंद्र में एक निर्धारित अवधि के अंदर नए चुनाव कराना आवश्यक होता है, ताकि वहां नई सरकार गठित की जा सके और देश और उस प्रदेश का काम फिर से सुचारू ढंग से चलना सुनिश्चित किया जा सके। चुनावों की प्रक्रिया को निर्बाध व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए, काफी बड़े तंत्र व खर्च की आवश्यकता होती है। जितने ज्यादा चुनाव, उतनी ही ज्यादा व्यवस्था। 2023 को ही लें। इस साल राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मूझकश्मीर, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम समेत देश के दस राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें कितने समय, धन और व्यवस्था की जरूरत पड़ेगी, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। ऊपर से, इन चुनावों के खत्म होते-होते लोकसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू हो जाएगी। अब सोचिए कि अगर इन राज्यों के और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था की जा सके तो कितना देश का कितना समय और धन बचेगा। आज अगर हम देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें, तो पायेंगे कि हर वर्ष देश को कोई न कोई हिस्सा चुनावमय बना रहता है। लेकिन, शुरूआत में ऐसा नहीं था। देश के पहले आम चुनावों से लेकर अगले पंद्रह सालों तक, 1952,1957, 1962, 1967 में चार बार लोकसभा चुनाव हुए और हर बार राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी इनके साथ-साथ ही करवाए गए। लेकिन, जब 1968-69 में अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों की विधानसभाएं उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले ही भंग कर दी गईं, तो यह सिलसिला बाधित हो गया। यहां तक कि पहली बार लोकसभा चुनाव भी समय से पहले ही करवा लिए गए। चौथी लोकसभा का कार्यकाल 1972 तक था, लेकिन आम चुनाव इसके पूरा होने से पहले ही 1971 में करा लिए गए। इससे समझा जा सकता है कि अगर राज्यों के विधानसभा चुनाव और आम चुनाव एक साथ आयोजित कराने की बात की जा रही है तो इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है, जिस पर आपत्ति की जानी चाहिए। लेकिन, जब भी केंद्र में सत्तासीन एनडीए सरकार, एक बार फिर इस व्यवस्था की बहाली की बात करती है तो विपक्ष इस तरह मुखर हो उठता है कि जैसे उसे किसी भी हाल में यह नहीं होने देना है। भाजपा विरोधी कुछ दल इसे भाजपा का ह्यसत्ता का केंद्रीकरण करने की योजनाह्न कहकर इसका विरोध जारी रखे हैं, जबकि सच तो यह है कि ह्यएक देश, एक चुनावह्न की अवधारणा काफी पुरानी है। इस विषय पर संविधान समीक्षा आयोग, विधि आयोग, चुनाव आयोग और नीति आयोग जैसे प्रभावशाली संस्थानों की राय भी काफी सकारात्मक है। अब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में राजग सरकार, राष्ट्रहित में इस विचार को और अधिक लटकाए न रखकर एक ठोस व साकार रूप देना चाहती है।

25 साल से जारी है विचारः विशेषज्ञ लंबे समय से एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपनी राय व्यक्त करते रहे हैं। वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का समर्थन किया था। रिपोर्ट का एक पूरा अध्याय इसी मुद्दे पर केंद्रित है। चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की इस रिपोर्ट को देश में राजनीतिक प्रणाली के कामकाज पर अब तक के सबसे सटीक दस्तावेजों में से एक माना जाता है।

# ममता कैसे हो सकती हैं पीएम पद की उम्मीदवार?

**इसमें** कोई दो राय नहीं कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी एक विद्वान राजनेता और चिंतक हैं। उनकी कई जनहित याचिकाओं पर आये निर्णयों ने भी देश और समाज को लाभ पहुँचाया है। लेकिन यह बात भी सही है कि सुब्रमण्यम स्वामी एक अस्थिर राजनेता भी हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि स्वामी किसी दल के साथ ज्यादा समय टिकते नहीं, यही नहीं वह अपने खुद के दल में भी ज्यादा समय नहीं टिके थे। स्वामी का हालिया राजनीतिक इतिहास देखें तो कांग्रेस विरोध से अपनी राजनीतिक शुरूआत करने वाले सुब्रमण्यम स्वामी ने 1999 में कांग्रेस से हाथ मिला लिया था और सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री बनवाने के चक्कर में स्वामी ने जयललिता से समर्थन वापस करवा कर अटलजी की सरकार तक गिरवा दी थी। लेकिन मध्यावधि चुनावों में देश की जनता ने अटलजी को दोबारा देश की कमान सौंप दी थी। स्वामी की योजना कामयाब नहीं होते देख जयललिता ने उनसे दूरी बना ली और कुछ दिनों बाद स्वामी के जयललिता से राजनीतिक रिश्ते बिगड़ गये थे और बात कोर्ट कचहरी तक गयी थी। कुछ समय बाद स्वामी ने अपनी जनता पार्टी का एनडीए के साथ गठबंधन कर लिया और फिर बाद में अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया। स्वामी मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे और खुद को सबसे बड़े हिंदूवादी नेता के रूप में देखने लगे। स्वामी को मोदी इतने भाये कि वह उनके पक्ष में वह हर मंच से दलीलें देने लगे। केंद्र में मोदी सरकार बनने पर स्वामी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया और दिल्ली के लुटियंस जोन में बड़ा बंगला भी दे दिया गया लेकिन जैसे ही उन्हें भनक लगी कि उनको राज्यसभा में दोबारा नहीं भेजा जायेगा वैसे ही वह सरकार के आलोचक बन गये। अब वह हर मंच से भाजपा और मोदी की बुराई करते नजर आते हैं। स्वामी की नजर में अब प्रधानमंत्री पद के लिए ममता बनर्जी सबसे उपयुक्त शख्सियत हैं। लेकिन सवाल उठता है कि जिन मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मानवाधिकारों के हनन के सबसे ज्यादा आरोप लगते हैं, जिन मुख्यमंत्री का राज्य राजनीतिक हिंसा की घटनाओं, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और प्रशासनिक नाकामियों के मामले में शीर्ष पर है और जिन्हें अदालत से लगातार फटकार सुनने को मिलती है, वह मुख्यमंत्री आखिर किस लिहाज से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करने लायक हैं?

# जिला जज व अपर जिला सचिव ने जेल व सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

## बन्दियों को दी कानूनी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में जिला जज/विधिक सेवा प्राधिकारण अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा की अगुवाई में अपर जिला सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने जिला कारागार रगौली का निरीक्षण कर दोषसिद्ध बन्दियों की समस्यायें जानी।

बुधवार को जिला जज व अपर जिला सचिव ने जिला जेल की पाकशाला, जेल अस्पताल का निरीक्षण किया। दोषसिद्ध बन्दियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में बन्दियों को लैंगिक अपराधों के विरुद्ध बच्चों के अधिनियम 2012 (पाक्सो एक्ट), पशु क्रूरता तथा पशु संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर जेल अधीक्षक जिला



कारागार शशांक पाण्डेय, जेलर राजीव कुमार सिंह, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, रवि आनन्द, सुशील कुमार, ज्ञानेन्द्र स्वरूप दुबे मौजूद रहे।

इसी क्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर) चित्रकूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बाल अपचारियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगाया। जिसमें बाल अपचारियों को लैंगिक अपराधों के विरुद्ध बच्चों के अधिनियम 2012 (पाक्सो एक्ट) के बारे में, शिक्षा का अधिकार पर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर वीर सिंह कनिष्ठ सहायक/संस्था प्रभारी, शिवशंकर त्रिपाठी सदस्य किशोर न्यायबोर्ड, श्रीमती अंजना पोरवाल विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, दीपक शर्मा परामर्शदाता, सुरेशचन्द्र केयर टेक्कर, लवलेश यादव, रोहित राय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, मोतीलाल, रामखेलावन रसोईया, दीवान रमेश सरोज मौजूद रहे।

## संयुक्त टीम ने की मतगणना स्थलों की सघन जांच



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय के चुनाव शान्तिपूर्वक सम्पन्न होने के बाद मतपेटियों की सुरक्षा के प्रति पुलिस अधीक्षक सक्रिय हो गई हैं। उनके निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने प्रस्तावित नगर निकाय मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया।

गुरुवार को पुलिस टीम ने चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी, पुरुषोत्तम इंटर कॉलेज मऊ, आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर, तुलसी इंटर कॉलेज राजापुर के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल की डॉग स्क्वायड टीम के साथ जांच की। पुलिस टीम ने मतगणना स्थलों में मतपेटी रखने की जगह का बारीकी से निरीक्षण किया। मतगणना स्थलों पर पुलिस की भारी चैकसी रहेगी।

इस दौरान पुलिस बारी-बारी से मतगणना पेटियों की निगरानी करेगी। मतगणना पेटियों तक कोई पहुंच नहीं सकेगा। 13 मई को ही मतगणना पेटियां खुलेंगी। सभी प्रत्याशियों का भाग्य आज मतपेटी में कैद हो गया।

## भाजपा व निर्दलीय प्रत्याशी के बीच हुई मारपीट, दोनों के खिलाफ मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अमित द्विवेदी व निर्दलीय प्रत्याशी अंशुल के बीच मऊ चैराहे पर मारपीट हो गई। पहले दोनों प्रत्याशियों की तू-तू मैं-मैं हुई और दोनों के समर्थक एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने लगे।

गुरुवार को इस बारे में एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि दोनों पार्टियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने कहा कि ये मारपीट मऊ चैराहे पर हुई है। किसी पोलिंग बूथ पर मारपीट और दंगा नहीं हुआ है। जिले में सकुशल मतदान चल रहा है। नगर निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन बेहद सख्त है। जिले में नगर निकाय चुनाव को सवेरे सात बजे से मतदान शुरू हुआ। जिले में एक नगर पालिका समेत तीन नगर पंचायत है।

नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को डीएम अभिषेक आनंद व एसपी वृंदा शुक्ला लगातार हर बूथों का निरीक्षण कर रहे हैं। मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान की अपील कर रहे हैं।

## डीएम-एसपी ने बूथों का निरीक्षण कर ज्यादा मतदान को कहा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने नगर पालिका कर्वी के प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया तरौहा, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय चितरागोकुलपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय खोही, कम्पोजिट विद्यालय डिलौरा के पोलिंग बूंथों तथा राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जूहा स्कूल स्थित पिंक/सखी बूथ का निरीक्षण किया।

गुरुवार को डीएम-एसपी ने बूथ में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सतर्कता से ड्यूटी करने एवं निष्पक्ष मतदान करवाने को दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान कराया जाये, ताकि लोकतंत्र की गरिमा बनी रहे। उन्होंने बूथों के निरीक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मतदान शान्ति पूर्वक होने चाहिए। कोई समस्या होने पर तत्काल सूचना दें।

## एक घंटे के अन्दर पुलिस ने मोटराबाइक मालिका को सौंपी, मोटरबाइक पाकर स्वामी का चेहरा खिला

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर चैकी प्रभारी सीतापुर की टीम ने मैरिज हाल से चोरी हुई मोटरबाइक को एक घंटे के अन्दर बरामद कर वाहन स्वामी के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि दस मई की रात दो बजे चैकी सीतापुर में सत्यम सेन पुत्र संतोष सेन निवासी बांध तालाब सीतापुर कोतवाली कर्वी ने सूचना दी कि कृष्णकुंज मैरिज हाल बेड़ीपुलिया से उसकी टीवीएस फिनिक्स मोटरबाइक यूपी 90एन-5948 खो गयी है। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली। सूचना पर चैकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह ने तत्काल खोजबीन कर रात तीन बजे मोटरबाइक को खुटहा शिवरामपुर के पास से बरामद कर लिया। मोटरसाइकिल स्वामी सत्यम सेन को सुपुर्द किया तो उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की सराहना की। वाहन स्वामी ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह, सिपाही दीपक श्रीवास्तव, सिपाही कुलदीप द्विवेदी शामिल रहे।

# एडीएम-एएसपी ने कंट्रोल रुम देखकर कर्वी-राजापुर में बूथों का किया निरीक्षण

## मऊ-मानिकपुर के भी बूथों को देखा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने को अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित चुनाव कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण किया।

गुरुवार को एडीएम व एएसपी ने कर्वी नगर पालिका स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जूनियर हाईस्कूल के पिंक बूथ का निरीक्षण किया। बूथ पर लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता से ड्यूटी करने एवं निष्पक्ष मतदान करवाने को दिशा-निर्देश दिये। एडीएम व एएसपी ने नगर पंचायत राजापुर के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से मतदान संपन्न कराने को उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा व सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय के साथ नगर पंचायत राजापुर के प्राथमिक विद्यालय खटवारा, पूमावि खटवारा, प्रावि चिल्लीराकस, पाण्डेय पुरवा, प्रावि मझगवां, तुलसी इण्टर कालेज



राजापुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज राजापुर के बूथों का निरीक्षण किया। बूथ में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता से ड्यूटी करने एवं निष्पक्ष मतदान करवाने को दिशा-निर्देश दिये। एडीएम व एएसपी ने उप जिलाधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला व क्षेत्राधिकारी मऊ राज कमल के साथ नगर पंचायत मऊ के पुरुषोत्तम इण्टर कालेज, सियारामनगर मऊ, महामती प्राणनाथ डिग्री कालेज मऊ, प्रावि छितिहा मऊ, प्रावि शिवपुर सेसा मऊ के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। बूथ में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सतर्कता से ड्यूटी करने एवं निष्पक्ष मतदान करवाने को दिशा-निर्देश दिये।

एडीएम कुंवर बहादुर सिंह व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी कार्यालय एसपी सोनकर के साथ नगर पंचायत मानिकपुर के आदर्श इण्टर कालेज मानिकपुर, प्रावि मानिकपुर प्रथम एवं द्वितीय, कम्पोजिट विद्यालय मानिकपुर के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। बूथ में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सतर्कता से ड्यूटी करने एवं निष्पक्ष मतदान करवाने के निर्देश दिये।

# चित्रकूट में 55.49 फीसदी शाम पांच बजे तक हुआ मतदान

## - राजापुर में 58.23, मानिकपुर 53.21, मऊ 63.81 व कर्वी 46.71 फीसदी पड़े वोट-प्रशासनिक अधिकारी लेते रहे जायजा





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दूसरे चरण के निकाय चुनाव का मतदान छिटपुट झडप के बीच शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गया। राजापुर नगर पंचायत में पांच बजे तक सम्पन्न हुये चुनाव में जहां 58.23 फीसदी मतदान हुआ, वहीं मानिकपुर में 53.21 तथा कर्वी में 46.71 व मऊ में 63.81 फीसदी मतदान लोगों ने उत्साहपूर्वक किया। जिले में कुल मतदान शाम पांच बजे तक 55.49 फीसदी रहा। इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस की चैकस व्यवस्था रही।

गुरुवार को पूरे जिले की चारों सीटों पर तकरीबन एक लाख 37913 मतदाता हैं। कर्वी नगर पालिका में 87369 मतदाता है। नगर पंचायत मानिकपुर में 14326, राजापुर में 21091 व मऊ में 14134 मतदाता हैं। नगर पालिका परिषद कर्वी के 25 वार्डों के तकरीबन 87369 मतदाताओं ने शाम पांच बजे तक 46.71 फीसदी लोगों ने मतदान किया।

इस चुनाव में लोगों के कयास थे कि मतदान का प्रतिशत जागरुकता के चलते 70 फीसदी से अधिक तक पहुंचेगा, लेकिन तमाम प्रयास के बावजूद अध्यक्ष व सदस्य पद के प्रत्याशी मतदाताओं को घरों से बाहर नहीं निकाल सके। इससे सवेरे मतदान की गति काफी धीमी रही, बाद में ये गति थोडी तेज हुई फिर धीमी होती चली गई।

मतदान की व्यवस्था का डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृन्दा शुक्ला भारी पुलिस बल व प्रशासनिक अमले के साथ पूरे दिन जायजा लेते रहे। जहां कहीं दिक्कतें हुई, वहां तत्काल व्यवस्था दुरुस्त की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने बूथों पर मतदान किया। मतदान दौरान तरौंहा में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को एसपी ने टाइट किया। जिले का कुल मतदान शाम पांच बजे तक 55.49 फीसदी रहा। ज्यादा मतदान होने से प्रत्याशी तरह-तरह की अटकलें अभी से लगाने लगे हैं।

# गर्भवती महिला के पेट में मारी लात, रिपोर्ट दर्ज

**स्याना.(बुलंदशहर)।** नरसैना थाना क्षेत्र के गांव बुकलाना में घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने गर्भवती महिला के पेट में लात मार दिया। गर्भवती दर्द से परेशान है। इससे गर्भ में पल रहे बच्चे को परेशानी हो रही है। पुलिस ने गर्भवती की रिपोर्ट पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।क्षेत्र के बुकलाना गांव निवासी सुनील गावस्कर की पत्नी गीता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह साढ़े 5 महीने की गर्भवती महिला है। गांव निवासी धर्मवीर




और बाली पुत्र हरस्वरूप कुछ समय से महिला पर गलत नजर रखता था। महिला का आरोप है कि 6 मई की रात्रि को उसका पति खेतों पर गया था। तभी बाली वहां आया और महिला के साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसे दबोच लिया। विरोध करने पर महिला के साथ हाथापाई करने लगा। महिला के शोर मचाने पर बाली ने उसके पेट पर लात मार दी जिससे उसके पेट में असहनीय पीड़ा होने लगी। जिससे उसकी व गर्भ में पल रहे बच्चे की हालत बिगड़ गई। शौर सुनकर पड़ोस में रहने वाले लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को वहां आता देख आरोपी बाली महिला को धमकी देते हुए फरार हो गया।

## चित्रकूट जनपद में सकुशल संपन्न हुआ मतदान, अतिसंवेदन शील बूथो की हुई वीडियो ग्राफी

**अखंड भारत संदेश**

जनपद में 01 नगर पालिका परिषद एवं 03 नगर पंचायतो के 141 बूथो पर 137913 मतदाता के द्वारा मतदान सकुशल एवं शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। प्रातः 07 बजे से मतदान की समाप्ति तक जनपद में कुल मतदान प्रतिशत 60.47 रहा। जनपद में पोलिंग पार्टियो द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मतदान सम्पन्न कराया गया। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथो की वीडियो ग्राफी भी करायी गयी। मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक ढंग सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक बृदा शुक्ला ने आज दिनांक 11 मई 2023 को प्रातः 07 बजे से ही जनपद के विभिन्न नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षत्रो में हो रहे मतदान का जायजा लेने हेतु विभिन्न मतदान केन्दो, बूथो यथा प्राथमिक विद्यालय तरौहा, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय चित्रा गोकुलपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय खोही नगर क्षेत्र, राजर्षि टंडन प्राथमिक विद्यालय पुरानी बाजार, कम्पोजिट विद्यालय डिलौरा, राजकीय बालिका विद्यालय राजापुर, तुलसी इंटर कॉलेज राजापुर, प्राथमिक विद्यालय मझगांव राजापुर, आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर का स्थलीय निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षाबलों को सावधान किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही मतदान कराने के निर्देश दिए एवं निर्देश दिए कि मतदान समाप्ति के पश्चात बैलट बॉक्स जब तक स्ट्रांग रूम में जमा कराकर शील न करा दिया जाए तब तक अधिकारी मुस्तैदी से अपने-अपने जिम्मेदारियों को निभाएंगे। बैलट बॉक्स सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है।मतदान 7 बजे समाप्ति तक कर्वी में 50.9 मानिकपुर में 59.10 राजापुर में 62.20 मऊ में 69.70 जिसमें मतदान की समाप्ति तक कुल 60.47 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ। मौके पर सम्बन्धित उपजिलाधिकरी/क्षेत्राधिकारी एवं जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।

## मतदान का प्रतिशत

**अखंड भारत संदेश**

नगर निकाय चुनाव में जिले में आज मतदान के नौ बजे तक पडे मतदान का प्रतिशत कुछ इस प्रकार है-

कर्वी- 8.89, मानिकपुर- 10.28, मऊ- 11.64, राजापुर- 10.35, पहले राउंड में पडे मतदान 10.29 फीसदी रहे।

दूसरे राउंड 11 बजे तक मतदान प्रतिशत कर्वी- 19.51, मानिकपुर- 22.88, मऊ- 25.54, राजापुर- 27.06 कुल प्रतिशत- 23.75 फीसदी रहा।

तीसरे राउंड अपरान्ह एक बजे तक कर्वी- 29.83, मानिकपुर- 34.73, मऊ- 39.65, राजापुर- 39.11 कुल प्रतिशत- 35.83 फीसदी रहा।

चैथा राउंड अपरान्ह तीन बजे तक कर्वी- 38.71, मानिकपुर- 43.72, मऊ- 51.87, राजापुर- 48.57 कुल प्रतिशत- 45.71 फीसदी रहा।

पांचवा राउंड शाम पांच बजे तक कर्वी- 46.71, मानिकपुर- 53.21, मऊ- 63.81, राजापुर- 58.23 कुल प्रतिशत- 55.49 फीसदी रहा।

## दो के कब्जे से 120 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा की टीम ने राज रैकवार पुत्र देवराज निवासी शिवरामपुर को 90 क्वार्टर देशी शराब व पुरुषोत्तम पटेल पुत्र जगभवन निवासी आश्रमशाला के सामने पीली कोठी सतना मप्र को 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा, दीवान शिवकरन यादव, सिपाही रविन्द्र राठौर, आशीष कुमार सिंह शामिल रहे।

## पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**(अगौता.(बुलंदशहर)।** जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशनुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर सुरेन्द्रनाथ तिवारी के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर अनुकृति शर्मा के पर्यवेक्षण में अगौता पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने की टीम उपनिरीक्षक संतोष रावत कॉन्स्टेबल चंद्रभान सिंह,विशाल कुमार ने संदिग्ध वाहन व्यक्ति की चेकिंग के दौरान मंगलवार की शाम एक अभियुक्त को अवैध तमंचा 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान अवधेश पुत्र कुशल पाल सिंह निवासी ग्राम पवसरा थाना अगौता जनपद बुलंदशहर के में हुई है

जांच में पाया गया कि आरोपी पर पहले भी कई मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज है पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## इंद्री में 1241.68 लाख की लागत से तैयार हुआ है 50 बैड का अस्पताल

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए संकल्पित हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुवार को करनालवासियों को सब डिविजन सिविल अस्पताल इंद्री और सीएचसी कुंजपुरा की सौगात देंगे। इससे इन क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री यमुनानगर से वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से करनाल के इन दोनों अस्पतालों का उद्घाटन करेंगे।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि इंद्री में बनकर तैयार हुआ 50 बैड का सब डिविजन अस्पताल 1241.68 लाख की लागत से तैयार हुआ है। इस अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी की 24 घंटे सुविधा होगी। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि इस अस्पताल में ओपीडी सेवाएं, आईपीडी सेवाएं, लैब, आईसीटीसी सेवाएं, डॉट सेंटर, डेंटल सर्विस, फैमिली प्लॉनिंग सेवाएं व एनसीडी क्लीनिक आदि की सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अस्पताल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंजपुरा की भी सौगात देंगे। उन्होंने बताया कि 30 बैड का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 238 लाख की लागत से तैयार हुआ है। इस अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी की 24 घंटे सुविधा होगी। इस सीएचसी में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन सेवाएं, आईसीटीसी सेवाएं, डॉट सेंटर, डेंटल सर्विस, फैमिली प्लॉनिंग सेवाएं व एनसीडी क्लीनिक आदि की सेवाएं उपलब्ध होंगी। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री करनाल जिले को निरंतर नई-नई परियोजनाओं की सौगात दे रहे हैं।

## आप विधयाकों व अन्य नेताओं व कार्यकताओं के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने जालंधर लोकसभा चुनाव के वोटिंग वाले दिन आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा चुनाव आयोग के नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाए जाने को लेकर चीफ इलेक्शन कमिश्नर भारत सरकार, डीजीपी पंजाब, चीफ इलेक्ट्रोल ऑफिसर पंजाब को पत्र लिख कर शिकायत की है।

अश्वनी शर्मा ने दिए गए शिकायत पत्र में लिखा कि पंजाब की वर्तमान आम आदमी पार्टी की सरकार बौखलाई और डरी हुई है। आप सरकार को हार का डर सता है और यह लोग लोकतंत्र का कमजोर करने पर तुले हुए हैं।

# विदेश संदेश

## प्रधानमंत्री मोदी की 22 जून की अमेरिका यात्रा पर बाइडन करेंगे मेजबानी : व्हाइट हाउस



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 जून को होने वाली अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान उनकी मेजबानी करेंगे। व्हाइट हाउस की तरफ से बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय रात्रि भोज भी आयोजित किया जाएगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के. जीन पियरे ने एक बयान जारी करके यात्रा की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि आगामी यात्रा अमेरिका तथा भारत के बीच गहरी एवं नजदीकी साझेदारी को और बढ़ाएगी। साथ ही अमेरिकियों और भारतीयों को जोड़ने वाले गर्मजोशी भरे संबंधों को भी मजबूत करेगी।

प्रेस सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा दोनों देशों के स्वतंत्र, मुक्त, समृद्ध तथा सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की साझा प्रतिबद्धता तथा रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा तथा अंतरिक्ष आदि में सामरिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ाने के संकल्प को और प्रगाढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता शिक्षा के क्षेत्र तथा लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे।

## इमरान के बाद शाह महमूद कुरैशी भी गिरफ्तार, बाकी नेताओं की धरपकड़ तेज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया। पार्टी प्रमुख इमरान खान के बाद वे दूसरे बड़े नंबर के नेता हैं। इससे पहले पीटीआई के महासचिव असद उमर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।इमरान खान की गिरफ्तारी के कारण हो रहे देशव्यापी विरोध के बीच सेना व पुलिस के अधिकारियों ने पीटीआई के नेताओं की धरपकड़ के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में जानकार लोगों ने बताया कि शाह महमूद कुरैशी को 'मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर ऑर्डिनेंस, 1960 की धारा 3' के तहत 15 दिनों के लिए हिरासत में लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार महमूद कुरैशी और असद उमर दोनों को संघीय राजधानी में सचिवालय स्थित पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फवाद चौधरी को भी गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।



## बाइडन सरकार ने पेश किया नागरिकता अधिनियम

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रह रहे भारतीयों और दूसरे देशों के अप्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अमेरिकी संसद में अमेरिका की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी नागरिकता अधिनियम पेश किया। यह एक विधायी विधेयक है। इसमें जरिये रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड के लिए किसी देश के प्रवासियों की संख्या सीमित करने पर पूर्व में लगाई गई रोक खत्म करने की और एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव करने की मांग की गई है। कानून बनने के बाद एच-1बी वीजा धारकों के आश्रितों को भी यहां काम करने की अनुमति मिलेगी। अमेरिकी नागरिकता अधिनियम-2023 डेमोक्रेटिक महिला सांसद लिंडा सेंचेज ने पेश किया। इस विधेयक के पास होने के बाद यहां प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले हजारों भारतीयों को भी इसका फायदा होगा। संसद के दोनों सदनों में विधेयक के पारित हो जाने और राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद कानून बनने से देश में बिना दस्तावेज के रह रहे और वैध तरीके से आए लाखों लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता खुल जाएगा। इस विधेयक में अमेरिका की नागरिकता पाने के सपने देखने वाले सभी 1.1 करोड़ गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है। इसमें टीपीएस धारकों और कुछ फार्मवर्कर्स को तत्काल नागरिकता देने की बात कही गई है। इसमें पांच साल तक अमेरिका में रहने वाले गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों जिन्होंने पृष्ठभूमि की जांच पास कर ली हो और करों का भुगतान करते हो उन्हें भी देश से निकाले जाने के डर के बिना नागरिकता देने की बात कही गई है।

# तोशाखाना मामले में इमरान को किया आरोपित, दूसरी अदालत ने 8 दिन की रिमांड में भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आठ दिन के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की रिमांड में भेज दिया, जबकि यहां एक सत्र अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार के एक अलग मामले में आरोपित किया।

ब्यूरो के आदेश पर मंगलवार को अर्द्धसैनिक बल ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के एक कक्ष में घुस कर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष को गिरफ्तार किया था। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच इमरान खान (70) को यहां जवाबदेही अदालत संख्या-1 में उसी न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरयम को लंदन में संपत्ति रखने से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी करार दिया था। मरयम को बाद में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में आरोपमुक्त कर दिया, जबकि शरीफ का मामला अब भी लंबित है।

सुनवाई की शुरुआत में, ब्यूरो के वकीलों ने अल-कादिर ट्रस्ट से जुड़े मामले में उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 14 दिन की रिमांड में देने का अदालत से अनुरोध किया। उन पर सरकारी खजाने से 50 अरब पाकिस्तानी रुपये की लूट-खसोट का आरोप है। खान के वकील ने हालांकि याचिका का विरोध किया और आरोपों को गढ़ा हुआ बताते हुए उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया।



इमरान खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद से उनके समर्थक देशव्यापी प्रदर्शन कर रहे हैं। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शुरुआत में फैसला सुरक्षित रख लिया था। बाद में, फैसले की घोषणा करते हुए, जवाबदेही अदालत ने खान को आठ दिन के लिए ब्यूरो की रिमांड में भेज दिया। रिपोर्ट के अनुसार, खान ने अपने बयान में अदालत को बताया कि उनकी जान को खतरा है। उन्होंने कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान, मैं शौचालय नहीं जा सका हूं। पूर्व प्रधानमंत्री ने अदालत से अनुरोध किया कि उनके डॉक्टर फैसल सुल्तान को उनसे मिलने की अनुमति दी जाए।

खान ने कहा, मुझे डर है कि मेरा भी मकसूद चपरासी जैसा हश्र किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के धन शोधन मामले के एक गवाह का जिक्र करते हुए यह कहा। पिछले साल दिल का दौरा पड़ने से मकसूद की मौत हो गई थी। खान की पार्टी ने गवाह की मौत को रहस्यमय बताया था। खान को जिला एवं सत्र अदालत में भी पेश किया गया, जहां न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में आरोपित किया। खान, प्रधानमंत्री रहने के दौरान तोशाखाना से एक महंगी घड़ी सहित अन्य तोहफे खरीदने और लाभ हासिल करने के लिए उन्हें बेचने के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

तोशाखाना की स्थापना 1974 में की गई थी। यह विभाग कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है। शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को अन्य देशों के शासनाध्यक्षों तथा विदेशी गणमान्य लोगों से मिले महंगे तोहफे तोशाखाना में रखे जाते हैं।

## नेपाल के पूर्व गृहमंत्री खांड पुलिस रिमांड पर

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृहमंत्री बालकृष्ण खांड को न्यायालय ने पुलिस हिरासत (पुलिस रिमांड) में भेज दिया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए चार दिन के हिरासत की अनुमति मांगी थी, जो उसे मिल गई।फर्जी भूटानी शरणार्थी से जुड़े मामले में पुलिस ने सुबह खांड को काठमांडू स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर किया था। खांड की गिरफ्तारी के बाद हुई नेपाल के शीर्ष नेताओं की बैठक में भी इस पर चर्चा हुई थी। बैठक के बाद प्रधानमंत्री प्रचंड ने बताया कि पुलिस स्वतंत्र रूप से काम करने देने पर सहमति बनी है ताकि दोषी बच न सकें। बैठक में प्रचंड के अलावा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने भाग लिया।खांड नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय सदस्य हैं। वह कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के करीबी भी हैं। करोड़ों की धोखाधड़ी से जुड़ा फर्जी भूटानी शरणार्थियों का मामला अब नेपाल में सबसे दिलचस्प और चर्चा का विषय बन गया है। फर्जी शरणार्थियों को अमेरिका भेजने की कोशिश करने वाले एक गिरोह में शामिल होने के आरोप में अब तक प्रभावशाली नेताओं और सरकार के सचिवों सहित एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



## 'हम कानून का लेंगे सहारा...' :इंजन समस्या के गो फर्स्ट के आरोपों को US की कंपनी ने बताया बेबुनियाद, दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** गो फर्स्ट ने अपनी वित्तीय स्थिति के लिए अमेरिकी कंपनी प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) को कसूरवार बताया था। वहीं, जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने भी गो फर्स्ट के बयान का समर्थन किया था। हालांकि, अब पीएंडडब्ल्यू के एक अधिकारी ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि वह एयरलाइन के दावों के खिलाफ कानून का सहारा लेगी।

**यह है मामला**

गौरतलब है, कहा जा रहा था कि अमेरिकी कंपनी एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) ने मध्यस्थता फैसले का पालन किया होता तो वाडिया समूह की एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट गंभीर संकट में नहीं फंसती। सिंगापुर मध्यस्थता अदालत ने पीएंडडब्ल्यू को आदेश दिया था कि वह 27 अप्रैल तक कम से कम 10 अतिरिक्त लीज इंजन और दिसंबर 2023 तक प्रतिमाह अन्य 10 अतिरिक्त लीज इंजन कंपनी को देने के लिए सभी उचित कदम उठाए। पीएंडडब्ल्यू ने ऐसा नहीं किया। अगर प्रैट एंड व्हिटनी ने इन निर्देशों का पालन किया होता, तो गो फर्स्ट अगस्त-सितंबर 2023 तक पूर्ण संचालन में वापस आ जाता। इसके बाद गो फर्स्ट के सीईओ ने अमेरिकी कंपनी पर निशाना साधा था। गो फर्स्ट के सीईओ कौशिक खोना ने अपने कर्मचारियों से कहा था कि एयरलाइन में आई गड़बड़ी का कारण प्रैट एंड व्हिटनी इंजन हैं। इनके बार-बार खराब होने की वजह से एयरलाइन में समस्या आई है। वहीं उन्होंने लीज देने वाले लोगों (पट्टेदार) द्वारा सख्ती करने की बात भी कही थी। सीईओ ने कहा था कि एयरलाइन का बेड़ा घटता जा रहा है। ऐसे में हम पट्टेदारों के भुगतान के लिए राजस्व उत्पन्न करने में असमर्थ हैं। ऐसे में पट्टेदार कठोर कदम उठा रहे हैं। अमेरिकी कंपनी पीएंडडब्ल्यू के अधिकारियों ने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा था कि यह पहली बार नहीं है, जब गो फर्स्ट के साथ ऐसा कुछ हुआ है। उसका पहले भी प्रैट के प्रति अपने वित्तीय दायित्वों को खो देने का एक लंबा इतिहास रहा है। अब उसने एक बार गो फर्स्ट एयरलाइन के आरोप को बेबुनियाद बताया है।

## पेशावर में चार लोगों की मौत, पंजाब, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना बुलाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद देश में राजनीतिक अशांति बढ़ गई है। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और बलूचिस्तान में सेना को बुलाया गया है क्योंकि हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और कई घायलों को पेशावर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद हिंसा के आरोप में उनके सैकड़ों समर्थकों को गिरफ्तार किया है। लेडी रीडिंग हॉस्पिटल (एलएचआर) के एक प्रवक्ता के अनुसार आपातकालीन कक्ष के डॉक्टरों को गोलियों से छलनी चार शव मिले हैं जबकि 27 अन्य का इलाज चल रहा है। गृह मंत्रालय ने सैनिकों की दस कंपनियों को मंजूरी देकर सहायता के लिए पंजाब सरकार के अनुरोध को मंजूरी दे दी है, जिसमें कहा गया है, सेना कानून, व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए जिला प्रशासन के साथ काम करेगी।



संघीय आंतरिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सैनिकों की सही संख्या/संपत्ति, तैनाती की तारीख और क्षेत्र का निर्धारण प्रांतीय सरकार द्वारा एमओ निदेशालय, जीएचक्यू के परामर्श से किया जाएगा।

अधिसूचना में कहा गया है, उक्त तैनाती की गैर-आवश्यकता की तारीख दोनों हितधारकों के बीच पारस्परिक परामर्श के बाद बाद में तय की जाएगी।

एक अलग बयान में पंजाब पुलिस ने कहा कि प्रांत में सरकारी संपत्ति, पुलिस बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अधिसूचना में कहा गया है, पूरे प्रांत में हिंसक कृत्यों, तोड़फोड़, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा के दौरान हमले में 130 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कानून प्रवर्तन कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस टीमों ने पूरे प्रांत से 945 कानून तोड़ने वालों और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस और सरकारी एजेंसियों के 25 से अधिक वाहनों को नष्ट कर दिया गया या जला दिया गया।

## इस्राइल ने इस्लामिक जिहाद के एक और नेता को मार गिराया

**सियोल।** फिलिस्तान में इस्राइल लगातार हमले किए जा रहा है। अभी तक इस हमले में कई लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, अब एक रिपोर्ट का कहना है कि इस्राइल द्वारा किए गए हमले में सेना के एक नेता की मौत हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तान के इस्लामिक जिहाद ने जानकारी दी है कि हाल ही में इस्राइल ने गाजा पट्टी में हमला किया, जिसमें उनकी सेना के एक नेता की मौत हो गई।

**संयुक्त राष्ट्र ने हमले को बताया अस्वीकार्य**

संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में नागरिकों की मौत को अस्वीकार्य बताया है। साथ ही इस्राइल को तुरंत हमले को रोकने और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की।

हक ने कहा कि इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। सेना की कार्रवाई में नागरिकों और उनके सामान को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। इस्राइल ने मंगलवार सुबह गाजा पट्टी पर हवाई हमलों में उग्रवादी संगठन इस्लामिक जिहाद के तीन कमांडरों को मार गिराया था। फलस्तीन के इस संगठन के मुताबिक, इस्राइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हमलों में संगठन के कमांडरों के साथ उनके परिवारवाले भी मारे गए थे। रिपोर्ट्स की मानें तो इन एयरस्ट्राइक में कुल नौ लोगों की जान गई थी।

**किस-किस की हुई मौत?**

संगठन ने बताया था किआईडीएफ ने जिन लोगों को निशाना बनाया, उनमें अल-कुद्स ब्रिगेड की सैन्य परिषद के सचिव कमांडर जिहाद शकेर अल-गनम शामिल थे।

# शहबाज शरीफ ने कहा- जो काम दुश्मन देश नहीं कर सके वो पीटीआई ने कर दिया, सेना हुई सख्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में फैली हिंसा के 31 घंटे बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारी हिंसा के बीच देश की आवाम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री शरीफ ने इमरान खान पर जमकर हमला करते हुए कहा कि इमरान के समय कई नेता जेल के अंदर थे। इमरान के जालिम शासन में तुरंत गिरफ्तारी हो जाती थी, तब जुर्म नहीं, चेहरा देखा जाता था। उस समय बदले की कार्रवाई होती थी। विपक्षी नेताओं को फर्जी केसों में जेल भेजा गया। इल्जाम पर ही गिरफ्तारी हो जाती थी। हम पर जो इल्जाम लगाए, वो साबित नहीं हुए। हमारा 40 साल का रिकॉर्ड खंगाला गया। हमने कानून का सामना करने से इनकार नहीं किया।

**कतर दौरे पर आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर**

पाकिस्तानी सेना प्रमुख देश में मचे बवाल के बीच कतर के दौरे पर हैं। वह इमरान खान की गिरफ्तारी के एक दिन पहले ही पाकिस्तान से बाहर निकल गए थे। इमरान की गिरफ्तारी के बाद गुस्साए समर्थकों ने आर्मी के ठिकानों को निशाना बनाया और रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय पर भी हमला किया।



**पाकिस्तानी सेना ने दिया कड़ा संदेश**

पाकिस्तानी सेना ने हिंसा पर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शनों में शामिल सूत्रधारों, योजनाकारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की पहचान कर ली गई है। इन लोगों खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। ये दुष्ट लोग अब अपने किए का परिणाम भुगतेंगे। ये लोग सेना पर हमला कर देश को गृह युद्ध में धकेलना चाहते थे।

इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा पर पाकिस्तानी सेना ने आक्रोश जताया है। इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि 9 मई को एक काले अध्याय के तौर पर याद किया जाएगा। इन दिन इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद समर्थकों ने पाकिस्तानी सेना पर हमले किए थे। लाहौर में कोर कमांडर के आवास को जला दिया गया। रावलपिंडी में सैन्य मुख्यालय पर हमला किया गया।

**पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में सेना की तैनाती**

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने राज्यों के अनुरोध पर पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा सूबे में सेना की तैनाती के आदेश दिए हैं। खैबर पख्तूनख्वा इमरान खान का गृह राज्य भी है। इन दोनों राज्यों में इमरान खान के समर्थकों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान भड़की हिंसा में कई लोग घायल हुए हैं।

**इमरान खान को 8 दिनों की रिमांड पर भेजा**

भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच राजधानी इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत में पेश किया गया। इस दौरान, भ्रष्टाचार विरोधी नियामक ने इमरान को 8 दिन की रिमांड में भेजने का आदेश दिया। इमरान को मंगलवार को देश के अर्धसैनिक बलों ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के आदेश पर उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब वह भ्रष्टाचार के एक मामले में सुनवाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में मौजूद थे।

**पाकिस्तान के पूर्व प्रांतीय गवर्नर गिरफ्तार**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान की गिरफ्तारी के एक दिन बाद पंजाब प्रांत के पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा को भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान (एसीई) ने उनके घर पर छापेमारी के दौरान हिरासत में ले लिया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर पीटीआई नेता हम्माद अजहर ने पुष्टि की कि चीमा को बुधवार तड़के गिरफ्तार किया गया।

**पाकिस्तान पर है नजर : ऋषि सुनक**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी देश का आंतरिक मामला है, लेकिन ब्रिटेन स्थिति पर सावधानीपूर्वक नजर रख रहा है। ब्रिटेन की संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में प्रधानमंत्री के सवालों (पीएमक्यू) के दौरान पाकिस्तान में जन्मे कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद रहमान चिश्ती की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में सुनक ने कहा कि ब्रिटेन-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंध लंबे समय से चले आ रहे और दोनों देशों के बीच बेहद करीबी संबंध हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में कुशल कर्मियों की भारी कमी होने की आशंका

**कीव।** यूक्रेन की परमाणु ऊर्जा कंपनी एनर्जोएटम ने दावा किया कि रूस की योजना यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र से 2,700 यूक्रेनी कर्मियों को हटाने की है और इससे जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में कुशल कर्मियों की भारी कमी हो जाएगी। जापोरिज्जिया संयंत्र दक्षिणी यूक्रेन में स्थित है, जहां अभी रूस का कब्जा है।



एनर्जोएटम ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि जिन कर्मियों ने युद्ध की शुरुआत में जापोरिज्जिया संयंत्र पर रूसी कब्जे के बाद रूस की परमाणु एजेंसी रोसातॉम के साथ रोजगार अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, उन्हें उनके परिवारों के साथ रूस ले जाया जाएगा।

कंपनी ने यह नहीं स्पष्ट किया कि क्या कर्मचारियों को जबरन संयंत्र से बाहर ले जाया जाएगा। कंपनी के इस दावे की अभी पुष्टि संभव नहीं हो सकी है। उसने कहा कि संयंत्र पहले से ही कर्मियों की गंभीर कमी का सामना कर रहा है और इन कर्मियों को वहां से हटाने से स्थिति और गंभीर हो जाएगी।

जापोरिज्जिया विश्व के 10 सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक है और इसके छह रिएक्टर कई महीनों से बंद हैं। इसके बाद भी संयंत्र में कूलिंग प्रणाली और अन्य सुरक्षा उपकरणों को संचालित करने के लिए बिजली एवं कुशल कर्मचारियों की जरूरत है।